4- पंचायत विभागः- ग्राम पंचायत के सहयोग से नवीन विद्यालयों की स्थापना हेतु भूमि प्रबन्ध समितियों द्वारा निःशुल्क भूमि उपलब्ध करायी जाती है। विद्यालय सम्बन्धी ग्राम प्रधान की समस्याओं को जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से हल कराया जाता है।

5- ग्राम विकास विभागः- शिक्षा के उन्नयन हेतु जिला ग्राम्य विकास अभिकरण डी.आर.डी.ए. से समन्वय स्थापित कर विद्यालय भवनों के निर्माण हेतु 40 प्रतिशत धनराशि शिक्षा विभाग से प्रदान कर शीघ्र 60 प्रतिशत धनराशि ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त कर विद्यालयों का निर्माण कराया जाता है जिससे अधिक से अधिक विद्यालयों को अच्छादित किया जा सके।

6- नौएडा से समन्वयः- जनपद में विद्यालय विकास हेतु नौएडा का विशेष महत्व है। नौएडा द्वारा उसके क्षेत्र में स्थित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को आवश्यकतानुसार विद्यालय भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण, शौचालय निर्माण, चारदीवारी कराया जाता है। नौएडा क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल, विद्यालय प्रांगण में छात्रों के लिए पार्क व झूलों की व्यवस्था की जाती है।

7- ग्रेटर नौएडा से समन्वयः- ग्रेटर नौएडा द्वारा भी प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विकास हेतु आवश्यकानुसार विद्यालय भवन, चारदीवारी शौचालय का निर्माण कराया जाजा है।

8- खाद्य एवं आपूर्ति विभागः- खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के समन्वय व सहयोग से प्रत्येक विद्यालय में 80 प्रतिशत मासिक उपस्थिति वाले प्रत्येक

छात्र छात्रा को 3 किग्रा0 प्रति छात्र की दर से पोषाहार योजनान्तर्गत खाद्यान्न वितरित कराया जाता है।

9- <u>अल्प संख्यक कल्याण विभाग से समन्वयः-</u> 6-14 आयु वर्ग के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर अल्पसंख्यक वर्ग के सभी छात्रों को प्राथमिक स्तर व उच्च प्राथमिक स्तर पर क्रमशः रू0 300/- व रू0 480/- छात्रवृत्ति वितरित करायी जाती है। ताकि इन छात्रों की पठन सामाग्री को उपलब्ध हो सके।

10- <u>उ0 प्र0 जल निगम/ यू0पी0 एग्रो से समन्वयः-</u> इन दोनों विभागों से सहयोग से प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में छात्र छात्राओं के लिए पेय जल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हैंड पम्प की स्थापना की जाती है।

11- <u>युवा कल्याण विभाग से समन्वयः-</u> युवा कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर छात्रों की क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पादित करायी जाती है। ताकि उनमें खेल भावना का विकास हो सके। नेहरू युवा केन्द्र तथा युवक मंगल दल के कार्यकर्ता के सहयोग से छात्र नामांकन में वृद्वि हेतु कार्य क्रम चलाये जाते है। शिक्षा समिति को प्रशिक्षित करने में कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जाता है।

12- <u>पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग समन्वयः-</u> पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सहयोग से पिछड़ी जाति के छात्र छात्राओं को प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर क्रमशः 300/- व रू0 480/- छात्रवृत्ति वितरित करायी जाती है।

13- <u>विक्लांग कल्याण विभाग से समन्वयः-</u> विकलांग कल्याण विभाग के सहयोग से विकलांग छात्र छात्राओं छात्रवृत्ति वितरित करायी जाती है व उन्हें

उपकरण ट्राय साइकिल, वैसाखी आदि उपलब्ध कराने हेतु सहयोग प्राप्त किया जाता है।

14- अभियन्ता सेवा विभाग से समन्वयः- अभियन्ता सेवा विभाग के सहयोग से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के भवन निर्माण की तकनीकी जॉच करायी जाती है। समय समय पर भवन सम्बन्धी अन्य समस्याओं पर आख्या ली जाती है।

15- लोक निर्माण विभाग से समन्वयः- लोक निर्माण विभाग के सहयोग से विद्यालय के आसपास गति अवरोधक बनाये जाते है। सड़क को विद्यालयों के आस-पास दुर्घटना न होने को आवश्यक उपाय किये जाते है।

16- सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से समन्वयः- सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के सहयोग से शिक्षा का प्रसार व प्रचार किया जाता है। शिक्षा के विभिन्न कार्यक्रर्ताओं को जन-जन तक पहुॅचाने में मद्द ली जाती है।

17- नौएडा लोक मंच एन.जी.ओ. से समन्वयः- नौएडा लोकमंच के सहयोग से नौएडा क्षेत्र में स्थिति प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों को पठन सामाग्री उपलब्ध करायी जाती है। छात्रों की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं को दूर किया जाता है।

अध्याय–4

सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्य एवं लक्ष्य

राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यः– सर्व शिक्षा अभियान का उद्देश्य 6–14 वर्ष के वच्चों को उपयोगी एवं उद्देश्य परक जूनियर स्तर तक शिक्षा प्रदान करना है। सन् 2010 तक तथा समाजिक क्षेत्रीयण् धार्मिक तथा लिंग पर आधारित भेदभावों को समाप्त कर क्रियाशील सामदायिक सहमति के साथ विद्यालयों का प्रबन्ध करना है सर्व शिक्षा अभियान के निम्नलिखित स्तर के लक्ष्य निर्धारित किये गये है।

1. वर्ष 2003 तक सभी बच्चों को औपचारिक विद्यालय, शिक्षा गारन्टी केन्द्र वैकल्पिक स्कूल, बैंक टू स्कूल शिविर ग्रीष्म कालीन शिविर के माध्यम से स्कूल लाना है।
2. वर्ष 2007 तक समस्त बच्चों द्वारा कक्षा–5 तक की शिक्षा पूर्ण करना ।
3. वर्ष 2010 तक सभी बच्चों द्वारा कक्षा–8 तक की शिक्षा प्राप्त करना।
4. गुणवत्ता परक तथा जीवन पर आधारित प्राथमिक शिक्षा प्रदान करना।
5. बालक– वालिका तथा समाज के विभिन्न वर्गो के मध्य वर्ष 2007 तक प्राथमिक स्तर पर तथा 2010 तक उच्च प्राथमिक स्तर अन्तर समाप्त करना।
6. सन् 2010 तक शत प्रतिशत ठहराव।

जिले विशिष्ट हेतु निर्धारति लक्ष्यः– उपरोक्त राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ–साथ जनपद गौतमबुद्ध नगर के लिए भी विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं जो कि इस प्रकार हैं।

1. पहुॅचः– जनपद गौतमबुद्ध नगर के सभी ग्रामों को प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शिक्षा से सेवित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 8 ऐसी बस्तियां चिन्हित की गयी है जिनकी आवादी 300 से कम है तथा निकटम विद्यालय से दूरी लगभग 1 कि0मी0 है इन बस्तियों में ई0 जी0 एम0 खोले जाने की योजना है। उपरोक्त के अतिरिक्त 26 ईटं भट्टे तथा गन्ने क्रेशर को चिनिहत किये गये है जहां पर 6–14 वर्ष के 30 या उससे अधिक बच्चे उपलब्ध है इन पर भी ई0 जी0 एस0/ए0 एस0 खोलने की योजना एस0 एस0 ए0 के माध्यम से है।

2. नामंकनः– जनपद गौतमबुद्ध नगर में वर्ष 2003–04 में परिवार सर्वेक्षण के आधार पर में 6–11 वर्ष के कुल 142609 बच्चे चिन्हित किये गये हैं जिनमें से 141363 बच्चें का नामांकन प्रा0 वि0 करा दिया गया है वर्तमान में जनपद का एन0ई0 आर0 99.1 प्रतिशत है जिसे वर्ष 2003–04 में बढ़ाकर 100 करने का उद्देश्य है वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार जनपद की वृद्धि दर 3.5 है जिसके आधार पर 2007 तक प्रोजेक्सन निम्न लिखित है।

Table – 4.1

प्राथमिक विद्यालय

G.B. NAGAR

मांक	वर्ष	6–11 वर्ष के कुल बच्चों की संख्या	कुल नामांकित बच्चों की संख्या	मान्यता / गैर मान्यता प्रापत नामांकित बच्चों की संख्या	परिपदीय नामांकित बच्चों की संख्या	विद्यालय से बाहर जो बच्चे विद्यालय में नहीं जा रहे हैं (वर्षवार)	NER	बालिका+अनु. जाति बालक का प्रतिशत (परिपदीय)
		2	3	4	5	6	7	8
	2001–2002	135597	132558	68280	64278		97.8	43066
	2002–2003	139043	136451	64486	71965		98.1	47560
	2003–2004	142609	141363	68864	72599	1246	99.1	50304
	2004–2005	145461	145461	71410	74051	0	100	54468
	2005–2006	148370	148370	72460	75902	0	100	59263
	2006–2007	151337	151337	73917	77420	0	100	61405

जनपद गौतमबुद्ध नगर में वर्ष 2003–04 में परिवार सर्वेक्षण के आधार पर 11–14 वर्ग के कुल 77433 बच्चे चिन्हित किये गये है जिनमें से 76571 बच्चों का नामांकन उ0 प्रा0 विद्यालय में कराया जा चुका है वर्तमान में जनपद का एन.ई. आर. 98.9 प्रतिशत

है जिसे बढ़ाकर वर्ष 2004–2005 तक 100 प्रतिशत करना है वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार जनपद की बृद्धि दर 3.5 है जिसके आधार पर 2007 तक का प्रोजक्शन निम्नलिखित है।

Table – 4.1

प्राथमिक विद्यालय

G.B. NAGAR

क्रमांक	वर्ष	11–14 वर्ष के कुल बच्चों की संख्या	कुल नामांकित बच्चों की संख्या	मान्यता / गैर मान्यता प्राप्त नामांकित बच्चों की संख्या	परिषदीय उच्च प्रा. वि. में नामांकित बच्चों	जो बच्चे विद्यालय में नहीं जा रहे हैं	NER	बालिका+अनु जाति बालक का प्रतिशत (परिषदीय)
	1	2	3	4	5	6	7	8
1	2001–2002	75232	72408	67927	4481	2824	89	3002
2	2002–2003	76888	73100	68328	4772	3788	95.1	3204
3	2003–2004	677433	76571	70910	5661	862	98.9	3765
4	2004–2005	78981	78506	70631	7875	475	99.4	5125
5	2005–2006	80561	80362	72212	8150	196	99.8	5564
6	2006–2007	82575	82575	74140	8435	0	100	5960
9								

3. ठहरावः– वर्तमान में जनपद गौतमबुद्ध नगर में प्राथमिक स्तर पर ड्राप आउट दर 28.0 है जिसे 2006–2007 तक घटा कर शुन्य करना है तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर ड्राप आऊट दर वर्तमान में 11.0 प्रतिशत है जिसे 2010 तक घटाकर शून्य प्रतिशत करना है वर्षवार वर्ष ड्राप आडर दर निम्न सारणी के अनुसार लक्षित गया है।

वर्ष	प्राथमिक ड्राप आडर रेट	ठहराव दर	उ0 प्र0 ड्राप आडर दर	ठहराव दर
2002–2003	28.0		11	
2003–2004	20.0		9	
2004–2005	13.0		7	
2005–2006	6.0		5	
2006–2007	0		3	

परियोजना कियान्वयन के दौरना जनपद में ड्राप आउट के सम्बन्ध में प्रत्येक तीन वर्ष पर प्राथमिक तथा उ0 प्र0 स्तर का ड्राप आउट ज्ञात करने हेतु कोहर्ट स्टडी करायी जायेगी। जनपद के तीन ब्लाकों – जेवर, दादरी, तथा दनकौर के 5–5 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के ऑकड़े एकत्र किये गये जिनके आधार पर उच्च प्राथमिक विद्यालय का ड्राप आऊट ज्ञात किया गया।

गुणवत्ता संर्वधनः– शैक्षिक गुणवत्ता संबर्धन हेतु शिक्षकों को शिक्षा की नवीन रोचक ज्ञानवर्धक विधियों से प्रशिक्षत कराया जायेगा। छात्रों की अधिगम सतर की जांच हेतु प्रत्येक तीन वर्ष पर एक अनुश्रवण कराया जायेगा तथा सामने आयी समस्याओं को दूर करने हेतु विशिष्ट उपाय किये जायेगें। जनपद, विकास खण्ड, न्याय पंचायत व ग्राम स्तर पर गुणवत्ता संवर्धन समिति गठित की जायेगी जो गुणवत्ता संवर्धन पर पैनी निगाह रखेगी।

अध्याय – 5

समस्याएं एवं रण नीतियाँ

जनपद में जनपदीय, विकास खण्ड, न्याय पंचाययतत ततवत ग्राम स्तर पर कराये गये फोकस ग्रुप डिस्कशन कराये गये। फोकस ग्रुप डिस्कशन में प्राप्त विचारों का विश्लेषण किया गया। सर्व शिक्षा अभियान की योजना में विश्लेषित समस्याओं को रख गया व उनके सापेक्ष रणनीतियां बनायी गयी। रणनीतियां बनाते समय ध्यान रखा गया कि रणनीति लक्ष्यपूर्ति करनें वाली हो, व्यवहारिक हो सन्तुलित हो। फोकस ग्रुप डिस्कशन के समय निम्न समस्याएं सामने आयीं व उनके सापेक्ष निम्न रणनीति बनायी गयी।

	समस्याएं	रणनीति
(अ)	नामांकन सम्बन्धी समस्याएं	
1.	असेवित व मलीन बस्तियों में विद्यालय की सुविधा न होना	जनपद में असेवित व मलीन बस्तियों की पहचान की गयी है। 1.5 किमी परिधिन व 300 की आबादी पर प्रत्येक असेवित क्षेत्र मे प्राथमिक विद्यालय खोला जायेगा। मलीन बस्तियों में वै0 शि0 के0 खोले जायेंगे। 1 किमी0 वाले मजरों में ई0 जी0 एस0 केन्द्र खोले जायेंगे। असेवित उ0प्रा0नि0 ग्राम की पहचान की गयी है। 3 किमी0 परिधि व 800 की आबादी पर उ0प्रा0नि0 खोले जायेंगे।
2	भौगोलिक कठिनाई के कारण शिक्षा में अवरोध	जनपद का अधिकांश क्षेत्र यमुना के खादार में है। दूर दराज बस्तियों के लिए ई0जी0एस0 केन्द्रों की स्थापना की जायेगी।
3.	विक्लांग बच्चों की शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना	विक्लांगे बच्चों का सर्वे कराया जायेगा उन्हें विद्यालय तक लाने हेतु अभिभावकों को प्रेरित किया जायेगा। स्वंय ऐसी संस्था के माध्यम से उन्हें उपस्कार दिलाये जायेंगे। जिला विक्लांग कल्याण अधिकारी के माध्यम स छात्रवृति दिलायी जायेगी।
4.	बाल श्रमिक व सड़कछाप बच्चों को विद्यालय में लाना	6–14 आयु वय वर्ग के बाल श्रमिक व सड़क छाल बच्चों को स्वयं ऐसी संस्थाओं व श्रमविभाग के सहयोग से विद्यालय में लाया जायेगा। कामकाजी बच्चों वै0शि0 केन्द्र में नामांकन कराया जायेगा। समाज के विभिन्न वर्गो में बच्चों को नामांकित कराने हेतु प्रेरित किया जायेगा।

5.	घर के काम काज व छोटे भारी बहनों के देखभाल के कारण बालिकाओं का नामांकन कम होना।	जनपद की 6–14 आयु वर्ग की समस्त बालिकाओं का नामांकन कराया जायेगा। इसके लिए अभिभावाकों में जागृति उत्पन्न की जायेगी। प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में ही ई0सी0सी0ई0 केन्द्र खोले जायेगे जिससे बलिकाओं के छोटे भाई बहन केन्द्र पर आ सकें व बालिकाएं शिक्षा ग्रहण कर सकें। मीना अभियाना, एम0टी0ए0 / पी0टी0ए0 की मदद से सभी बालिकाओं को विद्यालय तक लाया जायेगा।
6.	आर्थिक व सामाजिक पिछड़ापन	आर्थिक व सामाजिक पिछड़ेपन के कारण कुछ अभिभावक अपने बच्चों का विद्यालय नही भेजते हैं। ऐसे अभिभावकों को ग्रामे शिक्षा समिति, स्वंय सेवी संस्थाओं व एम0टी0ए0 / पी0टी0ए0 की मदद से शिक्षा के प्रति जागरूक किया जायेगा साथ ही उन्हें बेसिक शिक्षा की प्रोत्साहन योजना जैसी निशुल्क पाठ्ये पुस्तक, छात्रवृति, पोषाहार आदि योजनाओं से अवगत कराया जायेगा। सामुदायिक सहभागिता से लक्ष्य की पूर्ण प्राप्ति की जायेगी।

(आ) धारण सम्बन्धी समस्याएं

1.	विद्यालयों में शैचालय व चहार दीवारी की अनुप लब्धता	जनपद के अधिकांश प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों शौंचालय नं चाहर दीवारी की कमी है इसके लिए शौचालय विहीन व चाहरदीवारी विहीन विद्यालयों को चिहित कर लिया गया है, एर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत विद्यालयों में शौचालय व चाहर दीवारी का निर्माण करा दिया जायेगा।
2.	जर्जर विद्यालय के पुनर्निमाण व अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण की आवश्यकता	जनपद के जर्जर विद्यालय व अतिरिक्त कक्ष आवश्यकता वाले, विद्यालयों की पहचान कर ली गई है। चरण वृद्ध रूप से समस्त जर्जर विद्यालय व अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण करा दिया जायेगा।
3.	अल्प संख्यक वर्ग के छात्रों के ठहराव की समस्यो	अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को विद्यालय में रोकनै के लिए अल्पसंख्यक समुदाय को प्रेरित किया जायेगा। प्रोत्साहन जैसे छात्रवृति, पोषहार व निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण के माध्यम से भी बच्चों को विद्यालय में रोका जायेगा। गतिविधि के माध्यम स शिक्षा का रोचक बनाया जायेगा।

4.	विद्यालय में छात्र संख्या के सापेक्ष अध्यापकों कमी	जनपद के विकास खण्ड जेवर व दनकौर के दूरदराज के विद्यालयों में छात्र संख्यो के सापेक्ष अध्यापको की कमी है इसके लिए विद्यालयों में शिक्षा मित्र नियुक्त किये जायेंगे। समय प्रबन्ध से अध्यापकों को अवगत कराया जायेगा। उ0प्रा0वि0 में विषय अध्यापक की नियुक्ति की जायेगी, सभी विद्यालयों में समय विभाजन चक्र आवश्यक रूप से लागू कराया जायेगा।
5.	विद्यालयों में फर्नीचर, टाटपट्टी, कुर्सी मेज का अभाव	प्राथमिक विद्यालयों में साज सज्जा हेतु अनुदान दिया जायेगा जिससे विद्यालय में आवश्यकता के अनुसार सामाग्री क्रय की जा सकें।
6.	बालकाओं के ठहराव की समस्या	बालिकाओं के विद्यालय में ठहराव हेतु रूचिकर वातावरण का सहज किया जायेगा। गतिविधि के साथ शिक्षा के साथ–साथ घरेलू कार्य से भी जोड़ा जायेगा। यथा सम्भव विद्यालय में महिला अध्यापक की नियुक्ति की जायेगी विद्यालय में शौचालय की स्थापना की जायेगी। बालिकाओं को विद्यालय में रोकने हेतु उनके छोटे भाई बहन को ई0सी0सी0ई0 केन्द्रो में नामांकित कराया जायेगा। सभी अध्यापको को बालिका शिक्षा के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया जायेगा।
7.	विद्यालय का आकर्षक न होना	विद्यालयों को आकर्षक बनाने के लिए प्रत्येक विद्यालय को पुताई हेतु धन भेजा जायेगा। विद्यालय को आकर्षक बनाने हेतु बाहरी दीवारों पर शैक्षिक मानचित्र व आंकड़े बनाये जायेंगे। कक्षा कक्षों में विभिन्न चार्ट व मॉडल लगवाये जायेंगे। बच्चों द्वारा विद्यालय प्रागंण में वृक्षारोपण कराया जायेगा। सामुदायिक सहभागिता से विद्यालय प्रांगण में खेलकूद का सामान लिया जायेगा।
8.	आर्थिक स्थिति से कमजोर बच्चों के पास पाठ्यपुस्तक कमी	सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कक्षा 1 से 8 तक के समस्त छात्र छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तके उपलब्ध करायी जायेंगी।

9.	शिक्षक अभिभावकों में सामंजस्य न होना	शिक्षकों को अभिभावकों के साथ बनाये रखने के लिए मात्र शिक्षक संघ व आभिभावक शिक्षक संघ की स्थापना करायी जायेगी। ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागृत कराया जायेगा। अभिभावकों को उनके बच्चे की निरन्तर प्रगति से अवगत कराया जायेगा। समय–समय पर अभिभावक व शिक्षकों की गोष्ठी आयोजित करायी जायेगी।
10.	ग्राम वासियों द्वारा विद्यालय प्रागंण में गन्दगी फैलाना	ग्राम शिक्षा समिति, नेहरू युवा केन्द्र के सदस्यों व अन्य ग्राम के सामान्य व्यक्तियों के सहयोग से विद्यालय प्रागंण को स्वच्छ रखा जायेगा।
11.	शिक्षा को व्यवसायिक पाठ्यक्रम से जोड़ना	शिक्षा को रोजगार परक बनाने हेतु व्यवसायिक पाठ्य क्रम से जोड़ा जायेगा। ग्रमीण क्षेत्र क बालकों को कृषि, क्राफ्, फल संरक्षण आदि की जानकारी करायी जायेगी। बालिकाओं को सिलाई कढ़ाई, बुनाई, जूट के कपड़े के बैग आदि सीखाने का प्रवन्ध किया जायेगा।
12.	शिक्षकों पर शिक्षण के अतिरिक्त अन्यकार्यो की अधिकता	शिक्षक विद्यालय में अधिक से अधिक शिक्षण कार्य करें इसके लिए उन्हें समय प्रवन्धन की जानकारी करायी जायेगी। समय विभाजन चक्र का कड़ई से पालन कराया जायेगा। प्रशिक्षण कार्य बार–बार न होकर एक समय में पूर्ण हो जाये इसका भी ध्यान रख जायेगा।
13.	शिक्षक की शिक्षण कार्य में अरूचि	शिक्षकों को शिक्षण कार्य में रूचि बनाने के लिए उत्साह बर्धक, रूचिपूर्ण, व गतिविधि द्वारा शिक्षण के विषयों में जानकारी हेतु प्रशिक्षण कराये जायेगे। विषय से सम्बन्धित विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित कराये जायेंगे। पर्यवेक्षण सुदृढ़ किया जायेगा।
(ङ)	गुणवत्ता सवंर्धन सम्बन्धी समस्याएं	
1.	शिक्षकों को पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी न होनो	शिक्षकों को प्रत्येक विषय के पाठ्यक्रम से अवगत कराने हेतु विषय वार प्रशिक्षण कराया जायेगा। शिक्षण अधिगम सामाग्री के निर्माण की ज़ानकारी शिक्षकों करायी जायेगी इसके लिए प्रत्येक अध्यापक को रू 500/– की दर से उपलब्ध कराये जायेंगे।

2.	बच्चों के व्यक्तिगत रूझाने में कमी	बच्चों के अध्ययन के प्रति रूझना उत्पन्न करकने के लिए उन्हें गतिविधि पर आधारित शिक्षण कराया जायेगा। कक्षा कक्ष मे बच्चों के बैठक के तरीके पर ध्यान दिया जायगा। विभिन्न प्रतियोगिता जैसे अत्यांक्षरी, सुलेख, सामान्य ज्ञान, कला आदि करायी जायेंगी साथ ही खेल कूद प्रतियेागिता भी समय समय पर करायी जायेंगी।
3.	सतत मूल्यांकन की कमी	शिक्षण के प्रभावी बनाने के लिए व बच्चे के समग्र विकास के लिए सतत व व्यापक मूल्यांकन आवश्यक है। मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक एवं वार्षिक परीक्षा साथ बच्चे के प्रतिदिन व्यापक मूल्यांकन की आवश्यकता है जिससे कमजोर बच्चे न्यूनतम अधिगम स्तर को प्राप्त कर सकें। इसके लिए अभिभावकों से सम्पर्क कर उनके बच्चों की प्रगति की जानकारी करायी जायेगी। निदानात्मक शिक्षण की व्यवस्था करायी जायेगी।
4.	शिक्षण अधिगम सामाग्री मेलों की कमी	जनपद स्तर, बी0आर0सी0 स्तर व न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षण अधिगम सामाग्री मेलों की व्यवस्था की जायेगी। शिक्षको के साथ बच्चों के द्वारा भी सामाग्री का निर्माण कराया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय के बच्चों को मेलों मे ले जाया जायेगा जिससे बच्चों में सृजनात्मक क्षमता उत्पन्न हो।
(इ)	क्षमता संवर्धन सम्बन्धी समस्यांए	
1.	शैक्षिक निरीक्षक / पर्यवेक्षण में कमी	प्रायः देखा जा रहा है कि स0बे0शि0 अधिकारी अन्य कार्यो में व्यस्तता के कारण विद्यालयों का प्रभावी निरीक्षण नहीं कर पा रहे है। पर्यवेक्षण को सुदृढ़ बनाने के लिए डामट, जिला समन्वयक, बी0आर0सी0 / एन0पी0आर0सी0 समन्व्यक द्वारा विद्यालयों का समय समय पर श्रेणीकरण किया जायेगा। निम्न श्रेणी के विद्यालयों को उच्च श्रेणी में परिवर्तित करने हेतु विशेष प्रयास किये जायेंगे। शिक्षकें की विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिशिचत करने हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समय समय पर अभियान चलाया जायेगा।

2.	शिक्षकों की व्यक्तित्व क्षमता में कमी	शिक्षकों के व्यक्तित्व व क्षमाता में वृद्धि करने हेतु विषयवार प्रशिक्षण कराये जायेंगे। उनके विद्यालयों में डायट मेन्टर, जिला समन्वयक, बी0आर0सी0 समन्वयक, एन0पी0आर0सी0 समन्यवक व अन्य विषय विशेषज्ञ अध्यापकों द्वारा आदर्श पाठ प्रस्तुत कराया जायेगा। अध्यापकों की जनपद स्तर पर प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, शिक्षण अधिगम सामाग्री प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी व पुरूस्कार वितरित किये जायेंगे।
3.	अच्छा कार्य करने वाले विद्यालयों को पुरूस्कार दिया जाये	जनपद व विकास खण्ड स्तर पर श्रेष्ठ विद्यालयों को पैरामीटर के आधार पुरूस्कार दिया जायेगा।

अध्याय–6

शिक्षा की पहॅच का विस्तार–

जनपद में कुल 442 ग्राम/ मजरे बस्ती है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यकम–।।। तथा सर्व शिक्षा अभियान के माध्यम से सभी बस्तियों को विद्यालय/ ए0 आई0 ई0 द्वारा प्राथमिक शिक्षा तथा उच्च प्राथमिक शिक्षा से सेवित किया जा चुका है। जनपद में वर्तमान में कोई भी बढ़ती असेवित नहीं है। अतः जनपद में नवीन प्राथमिक विद्यालय तथा नवीन प्राथमिक विद्यालय तथा नवीन प्राथमिक विद्यालय की आवश्यकता नहीं है।

शिक्षा की व्यवस्था :–

प्राथमिक विद्यालयों में स्थापना होते समय एक सहायक अध्यापक तथा एक शिक्षा मित्र की व्यवस्था की जायेगी। शिक्षा मित्र के चयन में योग्य अधिक योग्य अभ्यर्थी को वीरयता दी जायेगी। भवन निमार्ण तक ग्राम शिक्षा समितियों द्वारा विद्यालय स्थापित होने पर अस्थाई पठन की व्यवस्था कराई जायेगी। अध्यापक तथा ग्राम शिक्षा समितियों के सहयोग से शत प्रतिशत छात्र नामांकन कराकर उन्हें विद्यालय में शिक्षा पूर्ण करने हेतु रोकने की व्यवस्था की जायेगी।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना में एक प्रधानाध्यापक तथा चार सहायक अध्यापक प्रस्तावित हैं । प्रत्येक विद्यालय में एक विषय अध्यापक तथा एक विज्ञान अध्यापक की नियुक्ति का प्राविधान रखा गया है। नवीन स्थापित विद्यालय में अनुभवी अध्यापकों का चयन कराने में वरीयता दिया

जया। अध्यापकों / शिक्षा मित्रों के चयन पर 50 प्रतिशत महिला अभ्यर्थियों के चयन को वरीयता प्रदान किया जायेगा।

नवीन प्राथमिक विद्यालय साज सज्जा :–

प्रत्येक नवीन प्राथमिक विद्यालय को सुसज्जित करने तथा विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मानक के अनुसार निर्धारित धनराशि उपलब्ध करायी जायेगी। इस उपलब्ध धनराशि का उपयोग ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से कराया जायेगा। इस धनराशि से निम्नलिखित सामग्री को क्रय किया जायेगा – मेज, कुर्सी, बाल्टी, घण्टा, लोटा, गिलास, टाटपट्टी, आलमारी, सन्दूक, श्यामपट्ट, कूड़ादान, म्यूजिकल इक्विपमेन्ट (ढ़ोलक, मजीरा, हारमोनियम, रिंग, गेंद, कूदने की रस्सी, टायरयुक्त कूदने की रस्सी) कक्षा शिक्षण समाग्री (गणित किट, विज्ञान किट, मानचित्र शैक्षिक चार्ट, ग्लोब, शब्दकोष, ज्ञानकोष, खिलौने, बौद्धिक खेलकूद के ब्लाक आदि) उक्त सामग्री की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करायी जायेगी। किन्तु ग्रामीण अंचलों में विज्ञान किट, गणित किट सुलभता से उपलब्ध नहीं हो पाते हैं इसलिए इनकी व्यवस्था जनपदीय क्रय समिति के माध्यम से कराई जायेगी।

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालय साज सज्जाः–

ग्राम शिक्षा समिति को मानक के अनुसार धनराशि प्रेषित की जायेगी। ग्राम शिक्षा समिति को इस धनराशि से जिन सामाग्रियों को क्रय करना होगा वे इस प्राकर हैं– मेज, कुर्सी, बाल्टी, लोटा, गिलास, धण्टा, कूड़ादान, म्यूकजिकल इक्विपमेन्ट (ढोलक, भजीरा, हारमोनियम, बॉसुरी आदि) क्रीड़ा

सामग्री (कुटबाल, वालीबाल, स्कीपिंग से हवा भरने का पम्प, क्लासरूप टीचिंग मैटेरियल, गणित किट, विज्ञान किट, मानचित्र, शैक्षिक चार्ट, ग्लोब ज्ञान कोष, शब्दकोष, टू इन वन, आदि–आदि तथा शिक्षक सहायक सामग्री की व्यवस्था ग्राम शिक्षा समिति के माध्यम से करायी जायेगी। इनका भी क्रय जनपदीय क्रय समिति के माध्यम से कराया जायेगा।

पेयजल, शौचालय एवं चहार दीवारी :–

विद्यालय भवन का निमार्ण ग्राम शिक्षा समिति द्वारा प्रस्तावित / उपलब्ध स्थल पर कराया जायेगा। यह प्रयास रहेगा कि विद्यालयों की स्थापना आबादी से दूर शुद्ध वातावरण में तथा छायादार वृक्षों के सन्निकट कराया जायेगा। इण्डिया मार्का टू हैण्ड पम्प प्रत्येक विद्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा। इनके रख रखाव तथा मरम्मत आदि के व्यय हेतु विद्यालय को धन उपलब्ध कराया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय के सन्निकट छात्र एवं छात्राओं को अलग–अलग शौचालय की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगीं इसे स्वच्छ रखने हेतु विद्यालय को वर्ष में कुछ धन का प्रस्ताव कर दिया जायेगा। प्रत्येक नवीन विद्यालय की अपनी एक चहार दीवारी होगी जिसके निर्माण का दायित्व ग्राम शिक्षा समिति का होगा।

निमार्ण हेतु कार्यदायी संस्था :–

विद्यालय भवन, शौचालय तथा बाउन्ड्री का निर्माण का दायित्व तथा ग्राम शिक्षा समिति का होगा। समस्त सदस्य निर्माण गुणवत्ता की जांच समय–समय पर करते रहेंगे। तकनीकी जानकारी हेतु विकास खण्ड़ो पर उपलब्ध अवर अभियन्ता का सहयोग मिलता रहेगा। सर्व शिक्षा अभियान से

भवन शौचालय तथा चहारदीवारी का धन एक साथ विद्यालयों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जायेगी। अवसर अभियन्ताओं को अनेक सहयोग के लिये अनेक सहयोग के लिये मानदेय की भी व्यवस्था की जा रही है।

नवीन उच्च प्राथमिक विद्यालयों की लागत में कमी लाने की व्यवस्था :–

नवीन प्रस्तावित उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन का निर्माण यथा सम्भव प्राथमिक विद्यालय के परिसर में ही की जाय जिससे चहार दीवारी की लागत में कमी आयेगी और यह धन विद्यालय के साज सज्जा तथा सौन्दर्यीकरण में व्यय किया जायेगा। ग्राम शिक्षा समितियों के सहयोग से ऐसे अभिभावकों या सम्भ्रान्त नागरिकों को प्रेरित किया जाय जो विद्यालय में सहयोग से ऐसे अभिभावकों या सम्भ्रान्त नागरिकों को प्रेरित किया जाय जो विद्यालय में सहयोग देने योग्य हों इस प्रकार से प्राप्त धन का उपयोग विद्यालय की साज सज्जा में खेलकूद उपकरण क्रय करने में तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण में किया जायेगा।

निर्माण अथवा बाउन्ड्री निर्माण में ग्राम शिक्षा समितियों के सहयोग से श्रमदान कराकर मजदूरी पर होने वाले व्यय पर बचत की जा सकती है और इस धन का उपयोग विद्यालय के रख–रखाव में किया जा सकता है। ग्राम शिक्षा समितियों के सहयोग से विद्यालयों में पुस्तकालय व वाचनालय की व्यवस्था करायी जा सकती है। जिसमें शिक्षा के साथ साथ छात्रों का बौद्धिक स्तर और अधिक विकसित हो सकता हैं ग्राम शिक्षा समितियों के माध्यम से ऐसे लोगों को प्रेरित किया जाय जो अपने या अपने किसी पूर्वज के नाम से विद्यालय परिसर में किसी निर्माण कार्य की स्थापना करना चाहते हैं।

शैक्षिक सुविधाओं की आवश्यकता हेतु सर्वेक्षण :–

राज्य सरकार के द्वारा प्रत्येक शिक्षा क्षेत्र का बस्तीवार सर्वेक्षण कराया गया है जिसमें सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी / प्रति उप विद्यालय निरीक्षकों के द्वारा सेवित असेवित बस्तियों का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान अल्पसंख्यक क्षेत्रों में अल्प संख्यकों के साथ गोष्ठी, अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों के साथ गोष्ठी, पिछड़े वर्गों वाले क्षेत्रों में पिछडे वर्गों के साथ गोष्ठी, क्षेत्र स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी और ग्राम प्रधानों की गोष्ठी करके सम्बन्धित क्षेत्रों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं के अनुसार विद्यालयों की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है। प्राथमिक विद्यालय की स्थापना में 1.5 किमी की दूरी तथा 300 जनसंख्या और उच्च प्राथमिक विद्यालय के लिये 3 किमी की दूरी तथा 800 जन संख्या के मानक को ध्यान में रखा गया है। आवश्यकता अनुसार केवल उतने ही नये विद्यालयों के खोलने का प्रस्ताव किया गया है। जिससे तात्कालिक आवश्यकता की पूर्ति हो सके। प्रत्येक वर्ष सर्वेक्षण हेतु रूपये दो लाख का प्राविधान सर्व शिक्षा के पर्सपेक्टिव एवं बजट में कर दिया गया है।

विद्यालय निर्माण कार्य का तकनीकी पर्यवेक्षण :–

सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत पूरे जनपद में भवन निर्माण अतिरिक्त कक्ष निमार्ण, शैचालय तथा चहार दीवारी निर्माण इत्यादि कार्यों की गुणवत्ता जांच के लिए एक तकनीकी प्रकोष्ठ की परिकल्पना की गयी है जिसमें पांच अवर अभियन्ता तथा एक सहायक अभियन्ता (तकनीकी) रखा जायेगा। यह प्राकोष्ठ आवश्यकतानुसार योजनान्तर्गत निर्मित समस्त कार्यों का निरीक्षण

तथा गुणवत्ता की जांच करता रहेगा। एवं अच्चे निर्माण करने हेतु सम्बन्धित ऐजेन्सी को समय समय पर तकनीकी परामर्श भी देता रहेगा।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत पहले से ही ऐसी व्यवस्था कर ली गयी है जिसे आगे भी जारी रखा जायेगा।

अध्याय–7

(सर्व शिक्षा अभियान)

शिक्षा की पहुँच का विस्तार–2

शिक्षा गारंटी योजना / वैकल्पिक शिक्षा एवं नवाचार शिक्षा

सर्व शिक्षा अभियान में अनौपचारिक शिक्षा के स्वरूप को परिवर्तित करते हुए शिक्षा गारंटी योजना / वैकल्पिक शिक्षा एवं नवाचार शिक्षा को संचालित किया जा रहा है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित शिक्षा गारंटी योजना व वैकल्पिक शिक्षा / नवाचार शिक्षा योजना कार्यक्रमों को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय न जाने वाले बच्चों की संख्या को 6–8 व 9–14 वर्ग के दो समूहों में आंकलित किया गया है। इन बच्चों में बालाकों की संख्या पृथक–पृथक ज्ञात की गई। इसके अतिरिक्त ऐसे बच्चों की संख्या भी आंकलित की गयी जो काम काजी है, पैतृक व्यवसाय में माता–पिता की सहायता करते है। अथवा सड़क छाप बच्चे है।

पिछले वर्षों में प्राथमिक शिक्षा के सर्वव्यापी करण करने के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने के लिए सरकार ने कुछ विशेष एवं अतिरिक्त प्रयास भी किये हैं। जिसमें 6–11 वय वर्ग के उन बच्चों को जो विद्यालयों में नहीं जा पाते है या कामकाजी है अथवा घरेलू परिस्थितियों के कारण बीच में ही विद्यालय छोड देते है उनको प्राथमिक शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए अनौपचारिक शिक्षा की शुरूवात की गयी। इस शिक्षा के अन्तर्गत भी बालिका शिक्षा पर विशेष बल दिया गया।

जनपद गौतमबुद्ध नगर के चारों विकास खण्डो में यह परियोजनाएं संचालित है, विकास खण्ड–विसरख, दनकौर, दादरी एवं जेवर में जिला प्राथमिक शिक्षा के अन्तर्गत 75 विद्या केन्द्र एवं 75 वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र संचालित है।

जिसे वर्ष 2005–06 से सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित किया जाना प्रस्तावित है।

अध्याय – 7

स्कूल ना जाने वाले बच्चों की स्थिति वर्ष 2003–04

कम सं0	विकास खण्ड का नाम	6–8 आयु वर्ग			9–14 आयु वर्ग		
		बालक	बालिका	योग	बालक	बालिका	योग
1	बिसारख	186	173	359	260	267	527
2.	दादरी	145	104	249	126	136	262
3.	दनकौर	377	265	642	343	340	683
4.	जेवर	972	862	1834	709	643	1352
	योग	1680	1404	3084	1438	1386	2824

(श्रोत – जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय)

6–8 वय वर्ष के स्कूल न जाने वाले बालिकाओं को शिक्षा गारंटी योजना के अन्तर्गत कक्षा –1 से 2 तक की शिक्षा देकर प्राथमिक विद्यालय में कक्षा –3 में प्रवेश दिलाकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोडा जायेगा। ई0 जी0 एस0 केन्द्र का यह स्वरूप औपचारिक विद्यालय की भांति होगा।

प्रथम चरण में 38 ई0 जी0 एस0 केन्द्र खोलने प्रस्तावित हैं तथा द्वितीय चरण में 37 केन्द्र प्रस्तावित है। जिनका विवरण आगे दिया जायेगा।

जनपद में शैक्षिक संस्थाओं की पर्याप्त व्यवस्था, डी0 पी0 ई0 पी0 के द्वारा संचालित बै0 / शि0 केन्द्रों के संचालन के बावजूद 9–14 वय वर्ग के स्कूल न जाने वाले बच्चों की पर्याप्त संख्या है, जिनको शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए बै0 / शि0 केन्द्रों की प्रर्याप्त व्यवस्था करनी हैं ए0आई0ई0 हेतु कुल 16 केन्द्र खोलने का सर्वशिक्षा अभियान में प्रावधान किया जा रहा है।

प्रथम चरण में 08 बै/शि0 केन्द्र खोलने प्रस्तावित है तथा द्वितीय चरण में 67 केन्द्र खोले जाने प्रस्तावित है। जिनका विवरण आगे दिया जायेगा।

अनौपचारिक शिक्षाः— प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण की दृष्टि से आशा के अनुरूप उपलब्धि हांसिल नहीं कर पाया।

स्कूल से बाहर बच्चों को वै0 शि0 द्वारा ब्रिज कोर्स करने के लिए नियोजन किया जा रहा है।

सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक परिदृष्य जिससे विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र विशिष्ट सामाजिक वर्गों की पहचान हो सके।

जनपद गौतमबुद्ध नगर का क्षेत्र विशेष के हिसाब से उन परिस्थितियों का उल्लेख किया जा रहा है जिनके आधार पर शिक्षा गारंटी योजना एवं वै0 शि0 तथा नवाचार शिक्षा की सुविधा प्राथमिकता के आधार पर देने पर विचार किया जा रहा है।

जनपद के विकास खण्ड विसरख में विशिष्ट औद्योगिक नगरी नौएडा एवं बहृत्तर नौएडा होने के कारण यहॉ पर झुग्गी बस्तियॉ एवं उनमें रहने वाले काम काजी बच्चें पर्याप्त संख्या में है। जो विभिन्न कारणों से विद्यालयों से बंचित है इन बच्चों को शिक्षा व्यवस्था सुलभ कराने हेतु वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र खोले जाने प्रस्तावित है।

जनपद के विकास खण्ड दनकौर एवं जेवर में इट भट्टा अधिक होने के कारण वर्ष में लगभग छः माह तक श्रमिक कार्य करते हैं जिनके बच्चों की शिक्षा व्यवस्था हेतु प्रत्येक वर्ष कोर्स एवं व्यवसायिक शिक्षा शिविर लगाएं जाने की व्यवस्था की जा रही है।

शिक्षा गारंटी योजनाः— ई0जी0एस0

इस योजना के अन्तर्गत 6—8 के बच्चों को शिक्षित कराया जायेगा। ऐसे ग्राम बस्ती मजरे / टोले / मोहल्ले जो विद्यालय से 01 कि0 मी0 की परिधि के बाहर तथा 6--8 वर्ग के 30 बच्चे हों। वहॉ पर इस प्रकार के केन्द्रों में कक्षा —1 से 2 तक की पढ़ाई होगी।

इन केन्द्रों का संचालन " सर्व शिक्षा अभियान " के आधार चिन्हित स्टेट सोसाइटी उ0 प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद निशांत गंज लखनऊ द्वारा किया जयेगा। इन केन्द्रों पर एक अनुदेशक प्रति केन्द्र प्रस्तावित है।

वैकाल्पिक शिक्षा एवं नवाचार शिक्षा ए.आई.ई. कार्यक्रमः–

ड्राप आउट होने के फलस्वरूप तथा अधिक आयु हो जाने के कारण मनोवैज्ञानिक दबाव के कारण प्राथमिक शिक्षा से वंचित बच्चे विशेषकर कामकाजी तथा बालश्रमिक एवं नवचार शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वै0 शि0 एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। जिन ग्राम/बस्ती/मंजरे/ टोले/ मुहल्ले में 15 बालक/ बालिका शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित होगें वहां पर ए.आई.ई. केन्द्रों की स्थापना की जायेगी। केन्द्र में 01 अनुदेशक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर 02 अनुदेशकों की व्यवस्था प्रस्तावित है।

माइक्रो प्लानिंग के आधार पर नियोजन की प्राथमिकताः–

- अनुसूचित जाति क्षेत्र में।
- ऐसे क्षेत्र जहॉ बालिकाओं के नामांकन का प्रतिशत कम है ऐसे क्षेत्र जहॉ ड्रप आउट के कारण विद्यालय न जाने वाले बच्चों की संख्या अधिक हो।
- ऐसे क्षेत्र जहां स्ट्रीट चिल्ड्रन, बाल श्रमिक, घुमन्तु एवं सतरनाक/ गैर खतरनाक उद्योगों में संलग्न बच्चों की संख्या अधिक हो।

शिक्षा गारंटी केन्द्र ई0जी0एस0 वैकल्पिक एवं नवाचार केन्द्रों का स्वरूपः–

उपरोक्त असेवित बस्तियों एवं शाला त्यागी छात्र छात्राओं के लिए शिक्षा गारंटी केन्द्रों, वैकल्पिक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्र चरणबद्व रूप से खोले जाने प्रस्तावित है।

शिक्षा गारंटी योजना तथा वैकिल्पक एवं नवाचार शिक्षा केन्द्रों का संचालन समय विशेष परिस्थितियों को छोड़कर केन्द्रों के संचालन का समय देर शाम एवं रात्रि में नहीं रखा जायेगा। ये केन्द्र प्रति दिन 04 घण्टे संचालित किये जायेगें।

अनुदेशक चयनः–

अनुदेशक यथा सम्भव उसी स्थान एवं समुदाय का होगा जहॉ पर शिक्षा गारंटी केन्द्र/वै0 वि0 केन्द्र स्थापित किया जाना है। उसी ग्राम का अर्ह व्यक्ति न मिलने पर सम्बंधित न्याय पंचायत के गॉव का अर्ह व्यक्ति आवेदन कर सकता है।

अनुदेशक की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल होगी इस हेतु महिलाओं को प्रथमिकता दी जोयेगी। अनुदेशक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होगी। अनुदेशक का चयन ग्राम शिक्षा समिति के द्वारा आवेदन प्राप्त करके हाई स्कूल परीक्षा के अंको के प्रतिशत को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठता के आधार पर किया जायेगा। तत्पश्चात अनुदेशक का कार्य संतोषजनक न होने की दशा में ग्राम शिक्षा समिति के 2/3 बहुमत से प्रस्ताव पारित कर अनुदेशक को हटाया जा सकता है। ग्राम शिक्षा समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।

नगर क्षेत्र में खोले जाने वाले वै0 शि0 केन्द्रों में अनुदेशक का चयन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी, शिक्षा अधीक्षक, नगर क्षेत्र, सभासद सम्बन्धित बार्ड नगर क्षेत्र का वरिष्ठतम प्रधानाध्यापक/शिक्षक की संयुक्त समिति द्वारा किया जायेगा। आवश्यकतानुसार मकतब/ मदरसों में शिक्षण कार्य करने वाले मौलवी अथवा हाफिज द्वारा अनुदेशक हेतु शैक्षिक अर्हता रखने वाले तथा शिक्षण कार्य करने के इच्छुक होने की स्थिति में मकतब/मदरसों में संचालित होने वाले केन्द्रों को प्राथमिकता दी जायेगी अन्यथा सम्बन्धित कमत की आयु प्रबंध समिति द्वारा अर्ह व्यक्ति जिसकी न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम न हो को मकतबों में संचालित होने वाले केन्द्रों में अनुदेशक के रूप में चयनित कर शिक्षण कार्य हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

ग्राम शिक्षा समितियों को यह प्रचारित करना होगा कि स्थानीय जनसमुदाय के अनुदेशक की आवश्यकता एवं उसके चयन के सम्बन्ध में जानकारी हो गयी है। ग्राम शिक्षा समिति द्वारा सम्बन्धित अनुदेशक हेत प्राप्त आवेदन पत्रों का विश्लेषण कर उपयुक्त व्यक्तियों की सूची बनाई जायेगी। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार को भी यदि आवश्यक हुआ तो सम्मिलित किया जायेगा।

उच्च प्राथमिक स्तर के केन्द्रों के लिए 2 अनुदेशक का चयन किया जायेगा जिसकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता स्नातक तथा न्यून्तम आयु 21 वर्ष की होगी। जहॉ पर स्नातक अभ्यर्थी उपलब्ध न हो वहॉ पर इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण महिला अभ्यर्थी का चयन किया जा सकता हैं चयनित अनुदेशकों मे से एक विज्ञान वर्ग का तथा दूसरा कला वर्ग का होगा।

अनुदेशक के चयन के सम्बन्ध में अनुदेशक एवं ग्राम शिक्षा समिति के मध्य एक संविदा प्रपत्र भरा जायेगा जो निर्धारित प्रारूप पर एनेक्टर के साथ संलग्न किया जायेगा।

अनुदेशक का प्रशिक्षणः—

अनुदेशकों का तीरा प्रशिक्षण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अथवा बी0आर0सी0 पर आयोजित किया जायेगा। प्रत्येग चयनित अनुदेशक का एक माह का प्रशिक्षण जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा डायट के प्रवक्ताओं सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रति उप विद्यालय निरीक्षक, बी0आर0 सी0 रामन्वयक तथा योग्य अध्यापक, संदर्भ व्यक्तियों के माध्यम के माध्यम से कराया जायेगा प्रशिक्षण हेतु जिला स्तरीय समिति द्वारा रू0 1500/— प्रति अनुदेशक की दर से धनराशि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को उपलब्ध करायी जायेगी। प्रशिक्षण अवधि में अनुदेशक को मानदेय के रूप में कोई धनराशि देय नहीं होगी।

अनुदेशक मानदेय वितरणः—

वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के प्रारम्भ होने पर विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुदेशक के मानदेय की धनराशि रू0 1000/— प्रति अनुदेशक प्रतिमाह की दर से सम्बंधित ग्राम शिक्षा समिति के संयुक्त खाते में स्थानान्तरित कर दी जायेगी। जिसे अध्यक्ष एवं सचिव ग्राम शिक्षा समिति द्वारा अनुदेशक को चैक के माध्यम से माह के प्रथम सप्ताह में अनिवार्य रूप से प्राप्त करा दिया जायेगा। मानदेय की एक बार में छः माह की धनराशि अग्रिम रूप से ग्राम शिक्षा समिति के खातों में स्थानांतरित कर दी जायेगी।

नगर क्षेत्र में संचालित बै0 शि0 केन्द्रों के अनुदेशकों के मानदेय का भुगतान शिक्षा अधीक्षक नगर क्षेत्र एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से अनुदेशक के संतोषजनक कार्य किये जाने पर किया जायेगा। यह धनराशि विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा नगर क्षेत्र के संबन्धित सभासद / प्र0 अ0 के संयुक्त खाते में स्थानान्तरित की जायेगी। तत्पश्चात चैक द्वारा अनुदेशकों को भुगतान किया जायेगा।

पर्यवेक्षणः— शिक्षा गारन्टी एवं वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के सफल संचालन हेतु अकादमिक सहयोग एवं नियमित पर्यवेक्षण का कार्य सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/एस0डी0आई0/ बी0आर0सी0 समन्वयक/ न्यायपंचायत संसाधन केन्द्र समन्वयकों द्वारा किया जायेगा। नगर क्षेत्र में यह कार्य शिक्षा अधीक्षक नगर क्षेत्र जिला समन्वयक बै0 शि0/ विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं डायट के अधिकारियों द्वारा अनुदेशकों की वार्षिक बैठकें भी ली जायेंगी। जिसमें सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला समन्वयक बै0 शि0 भी समय—समय पर इन बैठकों में अनश्रवण करेगें।

निकटस्थ प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं सह0 अध्यापकों का भी यह कर्तव्य होगा कि वे लगातार इन केन्द्रों का पर्यवेक्षण करते रहेगें तथा न केवल ग्राम शिक्षा समितियों द्वारा अपितु विकास खण्ड स्तरीय समितियों के पदाधिकारियों को अपनी सलाहों से अवगत करायेंगें।

ग्राम शिक्षा समिति भी नियमित रूप से इन केन्द्रों के संचालन पर नजर रखेगी और समय—समय पर अपने सुझाव अनुदेशक/अनुदेशिका को देगी। डायट में डी.आर.यू. प्रभारी एवं उनके अधीनस्थ सीनि अभिकर्मी इन केन्द्रों का नियमित पर्यवेक्षण करेगें। पर्यवेक्षण का कार्य उपरोक्त सभी अधिकारियों द्वारा एक रोस्टर प्रणाली के द्वारा किया जायेगा जिससे सम्पूर्ण पर्यवेक्षण सुनिश्चित हो सके।

निःशुल्क शिक्षण सामग्रीः— प्रत्येक केन्द्र को साज—सज्जा एवं शिक्षा सामग्री हेतु आवश्यक धनराशि विशेषज्ञ बेसिक अधिकारी कार्यालय द्वारा ग्राम शिक्षा समिति के संयुक्त खाते में सीधे स्थानान्तरित की जायेगी।

ग्राम शिक्षा समिति द्वारा निर्धारित सामग्री बाजार मूल्य पर नियमानुसार क्रय करके सीधे केन्द्र अनुदेशकों को उपलब्ध करायी जायेगी। शिक्षा केन्द्रों पर नामांकित सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा ग्राम शिक्षा समिति को उपलब्ध करायी जायेगी। तथा इस धनराशि का समायोजन शिक्षण सामग्री मद रू0845/— प्राथमिक तथा रू0 1200/— उच्च प्राथमिक से किया जायेगा। शिक्षण सामग्री मद का 5 प्रतिशत राज्य/ जनपदीय प्रबंधन हेतु क्रय किया

जायेगा शिक्षा गारंटी वै0 शि0 केन्द्रों में राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित औपचारिक शिक्षा की पाठ्य पुस्तकें ही सम्प्रति उपभोग में लाई जायेंगी।

छात्र–छात्राओं का मूल्यांकनः– अनुदेशकों द्वारा वैकल्पिक एवं शिक्षा गारंटी केन्द्रों में पढने वाले बच्चों का सतत मूल्यांकन किया जायेगा। इसके लिए अनुदेशक द्वारा दैनिक डायरी तैयार की जायेगी। बच्चों का तिमाही, छमाही तथा वार्षिक मूल्यांकन मौखिक तथा लिखित परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। तथा यह प्रयास किया जायेगा कि वै0 शि0 केन्द्रों में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे का शीघ्र औपचारिक विद्यालय में मुख्य धारा की उपयुक्त कक्षा में जिसके लिए वह योग्य हो, किसी भी समय वह प्रवेश पा जाये। अनुदेशक का यह दायित्व होगा कि उसके केन्द्र पर पढ़ने वाले बच्चे शीघ्र अति शीघ्र एवं अधिक से अधिक संख्या में शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ते रहें। इसी परिपेक्ष्य में अनुदेशक का मूल्यांकन भी ग्राम शिक्षा समिति / विकास खण्ड स्तरीय समिति तथा जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा। अनुदेशकों द्वारा बच्चों के अध्ययन एवं अवधि में उनके व्यवहारिक स्तर में आये सुधार से अभिभावकों एवं ग्राम शिक्षा समिति को लगातार अवगत कराया जायेगा।

केन्द्रो में अध्ययनरत बच्चे जो कक्षा 5 हेतु निर्धारित पाठ्यक्रम पूर्ण कर लेगें उनकी, वार्षिक परीक्षा बेसिक शिक्षा परिषद उ0 प्र0 द्वारा निर्धारित परीक्षा प्रणाली के आधार पर निकट के प्राथमिक विद्यालय के प्र0 आ0 द्वारा करायी जायेगी।

प्रबनधन लागतः–

उक्त केन्द्रों की अधिकतम लागत में 5 प्रतिशत राज्य एवं जिला/विकास खण्ड स्तर पर प्रशानिक/प्रबन्धन पर होने वाला व्यय भी सम्मिलित है।

विकास खण्ड स्तर पर प्रबंधन की अधिकतम लागत निम्नवत प्रस्तावित है।

80 – 100 केन्द्रों के मध्य	:	2.50 लाख प्रति वर्ष
50 – 80 केन्द्रों के मध्य	:	2.00 लाख प्रति वर्ष
25 – 50 केन्द्रों के मध्य	:	1.50 लाख प्रति वर्ष
25 केन्द्रों से कम	:	रू0 100 प्रति छात्र–छात्रा प्रति वर्ष

ब्रिज कोर्स ग्रीष्म कालीन / क्षेत्र आधारित कार्सः–

ब्रिज कोर्स / क्षेत्र आधारित शिविर सड़क / प्लेटफार्म, मलीन बस्तियों, दुकानों, घुमन्तु बच्चों, नौकरी पेशा, कुलीगीरी करने वाले बच्चों तथा ऐसे बच्चों को जो बाल श्रमिक खतरनाक एवं गैर खरतरनाक उद्योगों में लगे हैं। उनके लिए ब्रिजकोर्स, /ग्रीष्म कालीन शिविर संचालित किये जायेगें। प्रत्येक ब्रिजकोर्स/ शिविरों मं 9–14 वर्ग के न्यून्तम 50 बच्चे सम्मिलित किये जायेगें तथा ये शिविर आवासीय होगें। इन शिविरों में बच्चों के रहने, खाने, पीने एवं शिक्षण आदि की व्यवस्था निःशुल्क होगी। इनमे प्रस्ताव निम्न है :–

वर्ष	2002–03		3–4		4–5		5–6		6–7	
	संख्या	बच्चे	संख्या	बच्चे	संख्या	बच्चे	संख्या	बच्चे	संख्या	बच्चे
ब्रिज कोर्स	1	60	1	60	1	60	1	60	1	60
ए0आई0ई0	16	640	16	640	16	640	16	640	16	640
एन0पी0आर0सी0 ब्रिज कोर्स	43	2150	43	2150	43	2125	43	2150	43	2150

इसके अतिरिक्त जनपद में 43 ब्रिज कोर्स शिविर न्यायपंचायत स्तर पर गैर आवासीय संचालित किये ज़ाने हैं। जिनके 6–14 वर्ष वर्ग के 40–50 बच्चे जो प्राथमिक शिक्षा से वंचित है को शिक्षा प्रदान की जायेगी। तथा इसके उपरान्त इन बच्चों को प्राथमिक शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु प्राथमिक विद्यालय में नामांकित कराया जायेगा।

गैर आवासीय ब्रिज कोर्स शिविरों में दो अनुदेशकों की तैनाती की जायेगी जिनकी न्यूनतम योग्यता हाई स्कूल होगी। इसके लिए स्थानीय व्यक्ति का चयन किया जायेगा। अनुदेशकों के चयन हेतु विकास खण्ड स्तर पर एक समिति का गठन किया गया हैं। जिसमें सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी समन्वयक बी0आर0सी0 तथा सम्बंधित न्याय पंचायत का सम्न्वयक होगा। उक्त समिति द्वारा चयनित अनुदेशकों की सूची

किये गये थे इनमें से 3800 बच्चों को विभिन्न विद्यालायों में 31 अगस्त 2003 तक नामांकित कराया जा चुका है, शेष 218 बच्चों को इन ब्रिज कोर्स तथा ए0आई0ई0 केन्द्रों के अध्यम से विद्यालयों मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा। निर्धारित मानकों के अर्न्तगत ब्रिजकोर्स/शिविरों के लिए 01 केयर टेकर 02 पैरा टीचर, 01 रसोइया तथा एक चौकीदार की आवश्यकता होगी और इस पर चयन मानक प्रकिया के अनुसार किया जायेगा। जिसके लिए जिला स्तरीय समिति के माध्यम से अल्पकालीन अवधि हेतु संविदा के अर्न्तगत व्यवस्था की जायेगी। केयर टेकर अनुदेशकों के प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था छात्र/छात्राओं के लिए निःशुल्क शिक्षण सामाग्री आदि के लिए वित्तीय मानक प्राईमरी एवं अपर प्राईमरी की भॉति रखी जायेगी। केवल आवासीय व्यवस्था, खाने पीने की निःशुल्क व्यवस्था एवं साज–सज्जा आदि के लिए अतिरिक्त धन की व्यवस्था की जायेगी। अतिरिक्त धनराशि की व्यवस्था में ग्राम पंचायत/ग्राम शिक्षा समिति/जन समुदाय का सहयोग प्राप्त करने का प्रयास किया जायेगा। ब्रिजकार्स खोलने हेतु उस क्षेत्र को प्राथमिकता दी जायेगी जहॉ निःशुल्क आवास व्यवस्था उपलब्ध हो सके। यह भी ध्यान रखा जायेगा कि ब्रिज कोर्स विकास खण्ड/जनपद मख्यालय में स्थापित हो।

ब्रिजकोर्स का संचालन ग्रामीण/नगर क्षेत्र मुख्यालयों में किया जायेगा। आवासीय व्यवस्था यदि निःशुल्क प्राप्त हो जाय तो उस स्थान को प्राथमिकता दी जायेगी।

ब्रिजकोर्स शिविरों की अवधि 04 माह से 18 माह तक रखी जायेगी। इस हेतु रू0 3000/– प्रति छात्र छात्रा अनुमन्य होगी और इसी मानक धनराशि से सम्पूर्ण व्यवस्था की जायेगी।

जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति का गठनः–

जिला स्तर पर जिला प्राथमिक शिक्षा सलाहकार समिति का गठन किया जायेगा जो कालांतर में सर्व शिक्षा अभियान को संचालित करने वाली समिति भी कही जायेगी। इस सिमिति का गठन जिला अधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा :–

जो निम्न प्रकार होगीः–

1. जिलाधिकारी : अध्यक्ष
2. मुख्य विकास अधिकारी : उपाध्यक्ष
3. विशेषज्ञ वे0शि0अ0 / जि0बे0शि0अ0 : सदस्य सचिव
4. जिला समन्वय बै0 शि0 : सदस्य
5. प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान: सदस्य
6. जिला स्तरीय श्रम विभाग का अधिकारी : सदस्य
7. जिला पंचायत राज अधिकारी : सदस्य
8. वित्त एवं लेखाधिकारी : सदस्य
9. स्वैच्छिक संगठनों के दो प्रतिनिधि : सदस्य

(स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों का नामांकन जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा)

जनपद में योजना के अन्तर्गत प्रस्तावों को तैयार करने एवं कार्यक्रम के संचालन का पूर्ण उत्तरदायित्व उक्त समिति का होगा।

ग्राम शिक्षा समितियों की भूमिका:-

प्रस्तावित शिक्षा गारंटी / वै0शि0 योजना के लिए ग्राम शिक्षा समिति के निम्न लिखित कर्तव्य एवं दायित्व प्रस्तावित हैं। 6–14 वय वर्ग के विद्यालय न जाने वाले बच्चों की माइक्रो प्लानिंग के आधार पर सर्वेक्षण कर उन्हें चिन्हित करना।

- ❖ कार्यक्रमों के संचालन हेतु वातावरण सृजित करना।
- ❖ अनुदेशकों का चयन करना।
- ❖ केन्द्रों का समय निर्धारित करना।
- ❖ केन्द्रों की साज–सज्जा हेतु शिक्षण सामग्री का नियमानुसार क्रय कर अनुदेशों के उपलब्ध कराना।
- ❖ अनुदेशकों को केन्द्र संचालन का दायित्व सौपना
- ❖ अनुदेशकों की उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति एवं केन्द्र का प्रबंधन एवं प्रतिदिन निरीक्षण करना।

- ❖ केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों को औपचारिक विद्यालायों में प्रवेश कराने के लिए लगातर प्रोत्साहित करना।
- ❖ नियमित रूप से अनुदेशक के मानदेय का भुगतान करना।

विकास खण्ड स्तरीय समिति की भूमिकाः–

कार्यकम को सफल बनाने के लिए विकास खण्ड स्तरीय समिति की निम्न भूमिका प्रस्तावित है।

- ❖ ग्राम शिक्षा समिति से प्राप्त प्रस्तावों को संकलित करना।
- ❖ ग्रामीण क्षेत्रों की माइक्रो प्लानिंग कराना, संकलित करना तथा प्रस्तावों को तैयार करना।
- ❖ कलस्टर रिसेर्स पर्सन / न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र समन्वयक की सहायकता से केन्द्रों / शिविरों का कमशः एवं पर्याप्त पर्यवेक्षण / अनुक्षण की व्यवस्था करना।
- ❖ जनपद एवं विकास खण्ड स्तर पर उपलब्ध संदर्भदाताओं की सहायता से प्रशिक्षण केन्द्र आयोजित कराना।

जिला प्राथमिक शिक्षा सलाकार समिति के प्रमुख कर्तव्य एवं दायित्वः–

जनपद में सफल पी0जी0एस0 और ए0आई0एफ0 हेतु जिला शिक्षा सलाहकार समिति के निम्नांकित दायित्व प्रस्तावित है :–

– शिक्षा गारंटी / वै0 शि0 केन्द्र एवं नवाचार शिक्षा हेतु सम्पूर्ण जनपद में माइक्रोप्लानिंग कर आवश्यकतानुसार अपवंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने हेतु विभिन्न योजनाओं के प्रस्तावों को ग्राम स्तर / विकास खण्ड स्तर से तैयार करा कर जिला स्तर पर प्रतिमाह समीक्षा करना।

केन्द्र / ब्रिज कोर्स / ग्रीष्म कालीन शिविर के प्रस्तावों को स्टेट सोसायटी को प्रस्तुत करना।

– कार्यकमों का कियान्वयन कराना।

– अन्य विभागीय अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समन्वय कर कार्यक्रमों का संचालन करना।

– कार्यक्रमों का नियमित अनुश्रवण करना एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यशलाओं का आयोजन करना।

– स्टेट सोसाइटी द्वारा उपलब्ध करायी गई मदवार धनराशियों को विकास खण्ड स्तरीय समिति के माध्यम से ग्राम शिक्षा समिति अथवा स्वैच्छिक संगठनों के कार्यक्रमों से संचालानार्थ अग्रिम रूप से उपलब्ध कराना।

विकलांग बच्चों के लिए वै शि0 केन्द्र :–

जनपद गौतमबुद्ध नगर में न पढने वाले विकलांग बच्चों की संख्या मात्र 166 है। इन बच्चों का विकास खण्ड वार चिन्हाकन कर प्राथगिकता के आधार पर ई0जी0एस0 एवं ए0 आई0 ई0 केन्द्रों की स्थापना की जायेगी।

विकलांग बच्चों के लिए वै0 शि0 केन्द्र पर अधिकतम 14 वर्ष के स्थान पर 18 वर्ष की आयु तक रखने का प्राविधान है। इसमें न्यूनतम छात्र संख्या के 15 से कम भी किया जाने का प्रस्ताव है। जिस ग्राम / बस्ती / मजरे टोले / मुहल्ले में विकलांग बच्चे है उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखकर छात्र संख्या एवं उम्र में पूरी छूट दिया जाना प्रस्तावित है। कोई भी विकलांग शिक्षा से वंचित न रह जाये इस बात का पूर्ण प्रयास किया जायेगा। चलने में यदि असमर्थ है तो या तो उसके घर पर केन्द्र खोला जायेगा अथवा साइकिल / वैशाखी उपकरणों का आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध करना प्रस्तावित है।

बालिकाओं के लिए बैकल्पिक शिक्षा केन्द्र :–

जिन ग्राम / बस्ती / मजरे / टोले / मुहल्ले में बालिका साक्षरता दर न्यूनतम है ऐसे ग्रामों में बालिका वै0 शि0 केन्द्र खोले जायेगे तथा उस केन्द्र पर हर सम्भव महिला अनुदेशिका की व्यवस्था की जायेगी। इसमें सामुदायिक सहभागिता, कला जत्था, महिला मंगल दल, मॉ बेटी मेला, किशोरी संघ, आदि के सहयोग से चेतन

बालिकाओं के लिए बैकल्पिक शिक्षा केन्द्र :–

जिन ग्राम / बस्ती / मजरे / टोले / मुहल्ले में बालिका साक्षरता दर न्यूनतम है ऐसे ग्रामों में बालिका वै0 शि0 केन्द्र खोले जायेगे तथा उस केन्द्र पर हर सम्भव महिला अनुदेशिका की व्यवस्था की जायेगी। इसमें सामुदायिक सहभागिता, कला जत्था, महिला मंगल दल, मॉ बेटी मेला, किशोरी संघ, आदि के सहयोग से चेतन जागृति एवं बालिका शिक्षा में रूचि बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा। महिला साक्षरता दर में न्यूनता के आधार पर ब्लाकों में बालिका शिक्षा केन्द्र प्राथमिकता के आधार पर खोले जाने प्रस्तावित है।

अल्पसंख्यकों के लिए वै0 शि0 केन्द्र :–

	Class-6		Class-7		Class-8		Total			Drop Out		
	Boys	Girls	Boys	Girls	Boys	Girls	Boys	Girls	AL	Boys	Girls	AL
V.I	6	5	7	5	6	3	19	13	32			0
H.I.	13	8	17	11	19	10	49	29	78			0
O.H.	44	25	54	28	49	26	147	79	226			0
M.R.	7	6	8	9	8	4	23	19	42			0
Total	70	44	86	53	82	43	238	140	378	0	0	0

अध्याय–9

प्राथमि शिक्षा में गुणात्मक उन्नयन

जनपद में शैक्षिक गुणवत्ता की स्थिति :

वैसे तो गौतमबुद्ध नगर जनपद के शैक्षिक परिदृश्य में पिछले कुछ वर्षों में गुणत्मक और सकारत्मक परिवर्तन परिलक्षित हुए हैं, किन्तु अभी भी इसी दिशा में बहुत कुछ करना बाकी है। विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं के माध्यम से सबको शिक्षित करने का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अनेक उपलब्धियॉ प्राप्त की गयी है परन्तु इस दिश में और भी करना आवश्यक है।

अप्रेल 2000 से जनपद में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम–तीसरा प्रारम्भ किया गया है। इस परियोजना के तहत भौतिक सुविधाओं एवं संसाधनों में वृद्धि के साथ–साथ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। जिला स्तर पर ड़ायट के नतृत्व में पृथक–पृथक चरणों में विविध कार्य किये जा रहे हैं। इनमें कार्यशाला, प्रशिक्षण, आकादमिक पर्यवेक्षण, शिक्षको के कार्यस्थल पर सहयोग आदि शामिल है। इस कार्य में बी.आर.सी. तथा एन.आर.पी.सी. समन्वयकों भी उल्लेखनीय भूमिका निभा रहे हैं। इस कार्य को सफल बनाने के लिए बी.आर.सी. एव एन.पी.आर.सी. समन्वयकों के कार्य एवं दायित्व सम्बन्धी ड़ायट स्तर पर सात दिवसीय तथा अकादमिक सर्पोट एवं अनश्रवण देने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये गये। शिक्षण सामग्री मेलो का आयोजन समन्वयकों द्वारा स्कूलो का नियमित भ्रमण, आदर्श पाठों का प्रस्तुतीकरण तथा विद्यालयों, एन.पी.आर.सी और बी.आर.सी. का उनके भौतिक एवं पक्षो के आधार पर वर्गीकरण आदि उपायों के माध्यम से नियमित गुणवत्ता अनुश्रवण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

उपरोक्त कार्यक्रमों में भरसक प्रयत्न करने के बाद भी यह पाया गया है कि प्रभावी कियान्वयन न हो सकने के कारण अपेक्षित परिणाम भी प्राप्त नहीं हो सके। इस

कार्यक्रम से आच्छादित क्षेत्रों में तो शिक्षकों और विद्यालयों की अकादमिक आवश्यकताओ को बड़ी हद तक पूर्ण किया जा सकता किन्तु जो क्षेत्र अनाच्छादित रह गये वहाँ निम्न तथ्य देखने को मिलें :–

क. उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा शिक्षकों की आवश्यकताओं पर समुचित ध्यान नहीं दिया जा सकता क्योकि संचालित कार्यक्रम में इनके लिए कोई प्रावधान नहीं था।

ख. आशासकीय हाई स्कूल, इण्टर कालेज के साथ संचालित उच्च प्राथमिक तथा प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को अकादमिक पर्यवेक्षण की परिधि में न लाये जाने से उन बच्चों की शैक्षिकों की कठिनाइयों को दूर नहीं किया जा सका।

ग. आशासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के विद्यालयों के विद्यार्थीयों व शिक्षकों की अपेक्षा एवं आवश्यकताओं पर भी ध्यान नही दिया गया।

ड़. मकतव / मदरसों के बच्चों एवं शिक्षकों को भी प्राथमिक शिक्ष–कार्यक्रम का कोई लाभ नहीं दिया जा सका।

च. जनपद में स्थित राजकीय आदर्श विद्यालयों को भी अब तक संचालित योजना के अन्तर्गत कोई लाभ प्रदान नहीं किया गया है गौतमबुद्ध नगर जनपद में वर्तमान स्थिति इस प्रकार है।

1.जनपद में राकीय परिषदीय प्रा0वि0 की संख्या –469

2.जनपद में राजकीय परिषदीय उ0प्रा0वि0 की संख्या – 151

3.जनपद में मा0वि0की संख्या कक्षा 6,7श8 संचालित है –92

4.जनपद में ई.जी.एस. केन्द्रों की संख्या –75

5.जनपद में वैकल्पिक केन्द्रों की संख्या –75

6.जनपद में मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय–275

7.जनपद में मान्यता प्रापत उच्च प्राथमिक विद्यालय –78

8.स्कूल पूर्व शिक्षा (ई0सी0सी0ई0) –125

प्राथमिक शिक्षा के सर्वाभौमिकरण में स्कूल पूर्व शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए जनपद में शिशु शिक्षा को प्रोत्साहन देने की नीति अपनाई गई। इसके लिए जनपद के आगनबाड़ी केन्द्रों विकसित किया गया। इन केन्द्रो की कार्यकत्रियों तथा सहायिकाओं को ड़ायट में 7 दिन का प्रशिक्षण दिया गया। संबधित एन.पी.आर.सी. तथा बी.आर.सी. समन्वयकों को भी पर्यवेक्षण हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इन केन्द्रों का सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि बच्चे विशेषकर बालिकाओं को अपने छोटे भाई–बहिनों की देखभाल से मुक्त कर उन्हें विद्यालय में पढ़ने का अवसर उपलब्ध कराया गया।

ड़ी.पी.ई.पी. की ओर से इन केन्द्रों की कार्यकत्रियों तथा सहायिकाओं को अतिरिक्त मानदेय प्रशिक्षण तथा प्रति वर्ष 7 दिन के पुनश्चर्या प्रशिक्षण केन्द्रों के लिए खेल सामग्री, उपकरण तथा प्रशिक्षण सामग्री के लिए 5 हजार रू0 तथा अकस्मिक खर्च के लिए 1500 रू0 प्रदान किये गये।

ग्राम शिक्षा समितियों तथा प्रधान अध्यापकों को भी शिक्षा केन्द्रों के पर्यवेक्षण से जोड़ा गया। इस प्रयोग के अत्यन्त सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। जिनमें प्रमुख इस प्रकार है–

1.विद्यालयों में बच्चों विशेषकर बालिकाओं के नामांकन में वृद्धि हुई है।

2.बच्चों में विद्यालयों में पूरे समय तक रूके रहने की प्रवृत्ति विकसित हुई है।

3.ग्राम में शिक्षा के प्रति रूझाना बढ़ा है।

ग्राम शिक्षा समिति :

शिक्षा के सार्वभौमिकरण का लक्ष्य प्राप्त करने में समाजिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम शिक्षा समितियों का गठन किया गया। यह समितियों विद्यालय प्रबन्धन तथा कियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ग्राम पंचायत में स्थित संचालित परिषदीय विद्यालय का वरिष्ठतम प्रधान अध्यापक इस समिति का सदस्य सचिव होता है। विद्यालय में अध्ययनरत तीन छात्रों के अभिभवकों (एक महिला) को

समिति का सदस्य नामित किया गया है । यह सदस्य सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा नामित किये जाते हैं।

समिति के प्रमुख उत्तरदायित्व विद्यालय भवन की मरम्मत आवश्यकतानुसार, भवन निर्माण कराना है। विद्यालयों तथा शिक्षकों के कार्य का पर्यवेक्षण भी यह समिति करती है। गौतमबुद्धनगर जनपद में डी.पी.ई.पी. के तहत डायट द्वारा 69 वी.आर.जी, को प्रशिक्षण दिया गया। ग्राम शिक्षा समितियों के प्रशिक्षण के लिए जिला संसाधन एवं ब्लाक संसाधन समूह का गठन किया गया। ब्लाक संसाधन समूह में नेहरू युवा केन्द्र के स्वयं सेवको के शिक्षकों तथा स्वयं सेवी संगठनों के प्रतिनिधि सम्मिलित हैं। वी आर जी सदस्यों समूह के सदस्यों को डायट द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद इन प्रशिक्षत सदस्यों ने ग्राम शिक्षा समितियों के लिए विकेन्द्रीकृत प्रशिक्षण आयोजित किये । ग्राम स्तर पर आयोजित इन प्रशिक्षणों के मुख्य बिन्दु इस प्रकार है –

1.प्रतिभगिता पर विश्लेषण एव समस्या समाधान तथा अभ्यास कार्य।

2.कौशल निर्माण अभ्यास कार्य।

3.समुदाय तथा ग्राम शिक्षा समितियों के अभ्यास का प्रस्तुतीकरण।

4.प्रतिभगिता उपागम, रोल–प्ले, केस–स्टड़ी क्षेत्र भ्रमण तथा समप्रेषण अभ्यास।

ग्रामीण शिक्षा के लिए स्थानीय स्तर पर ही योजनायें बने इस उद्देश्य को ध्यान में रख स्कूल मैपिंग तथा मइक्रोप्लानिंग अभ्यास के आधार पर ग्राम शिक्षा योजनाये तैयार की गई। इन योजनाओं का कियान्वयन विद्यालय स्तर पर किया जाता है। विद्यालय स्तर पर नियोजन स्कूल न आने वाले बच्चों को चिन्हित कर उन कारकों का पता लगाया गया जिनके कारण वे स्कूल नहीं आ रहे हैं। ग्राम शिक्षा समितियों के प्रशिक्षण के दौरान ग्राम शिक्षा समिति कार्य सुरक्षित सरल ग्राम शिक्षा समिति 'संकल्प एवं प्रयास' नामक मार्ग दार्शिका का उपयोग किया गया। ग्राम शिक्षा समितियों के अस्तित्व में अने से जहॉ विद्यालय की गतिविधियों में स्थानीय समुदाय की भागीदारी बढ़ी हैं वहां स्थानीय स्तर पर विद्यालय के कियाकलापों का पर्यवेक्षण भी समाव हुआ। इससे स्कूल न आने

वाले बच्चें विशेषकर बालिकाओं के नामांकन में वृद्धि हुई हैं। समुदाय की भागीदारी बढ़ाने में बाधक बनने मुख्य कारण इस प्रकार है।

1.ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकतर अभिभावक निरक्षर या अल्प शिक्षित हैं इस कारण अपने बच्चों को न तो वह गृह कार्य में सहयोग कराते हैं और ना ही बच्चों की शिक्षा की गतिविधियों में रूचि लेते हैं।

2.ग्रामीण अभिभावकों का अधिकांश समय कृषि कार्य अथवा मजदूरी में व्यतीत होता है। वे अपने बच्चों के शिक्षक से संवाद न के बाराबर करते हैं।

3.अभिभावकों अथवा बड़े भाई बहिनों का सहयोग न मिलने से बच्चे अपनी पढ़ाई के लिए पूर्णतः शिक्षक पर अविलम्बित रहते हैं। वस्तुस्थिति यह है कि ग्राम शिक्षा समितियॉ शिक्षा गुणात्मक उन्नयन में योगदान देने में पुरी तरह सक्षम साबित नहीं हुई है। प्रायः यह देखा गया है कि समिति के सदस्य व्यवस्थापन सम्बन्धी कार्य में तो रूचि लेते हैं किन्तु कक्षा शिक्षण से जुड़ने की इच्छा का उनमें सर्वथा अथवा अभाव देखा गया हैं प्रायः समिति के सदस्य बैंठक में उपस्थित ही नहीं होते। समिति के गठन का वर्तमान मापदण्ड़ भी इस स्थिति के लिए उत्तरदायी हैं।

डी0पी0ई0पी0 (।।।) के अन्तर्गत अद्यावधि तक गुणवत्ता संवर्धन हेतु डायट द्वारा सम्पादित कियाकलाप :–

डी0पी0ई0पी0 योजना के अन्तर्गत डायट स्तर पर निम्नलिखित प्रशिक्षण सम्पन्न किये गये।

1.सेवारत शिक्षक प्रशिक्षक (प्रथम+द्वितीय +तृतीय चक्र) प्रशिक्षण–	59
2.बी0आर0सी0 आधारभूत प्रशिक्षण–	12
3.एन0पी0अर0सी0 आधारभूत प्रशिक्षण–	40
4.शिक्षा मित्र (डी0पी0ई0पी0 / बेसिक)	12
5.शिक्षा मित्र पुर्न बोधात्मक	74

6.आचार्य / अनुदेशक प्रशिक्षण–	87
7.आंगनबाड़ी प्रशिक्षण–	118
8.विजनिंग कार्यशाला	52
9.ई0जी0एस0 / ए0एस0 पर्यवेक्षण प्रशिक्षण	48
10. शैक्षिक सपोर्ट कार्यशाला	48
11. शिक्षक संदर्शिका प्रशिक्षण	48

इन प्रशिक्षणों द्वारा अध्यापकों के गुणवत्ता में वृद्धि की गयी। इनकी सोच में परिवर्तन भी आया। यह अनुश्रवण एवं प्रशिक्षण से ज्ञात हुआ है प्रशिक्षण से परिणाम उत्साहवर्धक प्राप्त हुये है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हापुड विभाग एवं सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्य योजना–

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में निर्धारित राजनीति के अधीन अक्टुबर 1987 में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना का कार्य प्रारम्भ हुआ परन्तु डायट हापुउ की स्थापना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अवधारणा के अनुसार तृतीय चरण में 1995 में गी गयी यह संस्थान जनपद मुख्यालय से 65 किमी0 दूर हापुड दिल्ली लखनऊ मार्ग पर स्थित है इस संस्थान का प्रमुख उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण एवं गुणवत्ता संवर्धन करना शैक्षिक क्षेत्र में अभिकर्मियों को शैक्षिक प्रदान करना, प्राथमिक शिक्षा की समस्याओं के अध्ययन एवं समाधान हेतु क्रियात्मक शोध करना जनपद के शैक्षिक ऑकडों का संकलन श्लेषण एवं तदानुसार उपर्युक्त उद्देश्यों के प्रति के लिए संस्थान में सात विभागों की स्थापना की गयी है।

1.जिला संसाधन इकाई विभाग।

2.सेवा पूर्व विभाग।

3.सेवारत विभाग।

4.पाठ्क्रम विकास एवं मूल्यांकन विभाग।

5.कार्यानुभव विभाग

6.शैक्षिक तकनीकी विभाग

7.नियोजन एवं प्रबन्धन विभाग।

1. जिला संसाधन ईकाई विभाग–

शिक्षा ही वर्तमान के निर्माण का अनुरूप साधन है सबकों शिक्षा का समान अवसर सुलभ कराने के लिए समय–समय पर अनेक कार्यक्रम चलाये जाते है। वे बालक जिनकी विद्यालय जाने की आयु समाप्त हो गई है उनके लिए शिक्षा की व्यवस्था करना इस विभाग का मुख्य लक्ष्य है इस कार्य के लिए उन लोगों का अवाहन किया जाता है जो शिक्षा के प्रति समर्पित हैं और लोगों को शिक्षा देने में रूचि रखते हो। इस विभाग के प्रमुख कार्य निम्न है।

1.अनुदेशकों को प्रशिक्षण प्रदान करना।

2.सन्दर्भ व्यक्तियों को प्रशिक्षण देना।

3.पर्यवेक्षकों तथा प्रेरकों को प्रशिक्षण देना।

4.कार्यक्रम विकास के लिए सम्मेलन तथा गोष्ठियों का आयोजन करना।

5.कार्यक्रमों में आने वाली कठिनाइयों का पता लगाना तथा उनके निराकरण का उपाय खोजना।

6.कार्यक्रमों के प्रभावी मूल्यांकन के लिए वैज्ञानिक परीक्षण उपकरणों का निर्माण करना।

7.कार्यक्रम का प्राभावी अनुश्रवण।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2002–2007 तक जिला संसाधन इकाई विभाग द्वारा प्रस्तावित कार्य योजनाः–

वर्ष 2002–03	वर्ष 2003–04	वर्ष 2004–05	वर्ष 2005–06	वर्ष 2006–07
ड्राप आउट बच्चो को शिक्षित करने का कार्यक्रम	स्वयं सेवकों को प्रशिक्षत करना पर्यवेक्षण अनश्रवण एवं मूल्यांकन करना	स्वयं सेवकों को पुनर्वोधात्मक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण अनुश्रवण मूल्यांकन करना।	पुनर्वोधात्मक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण अनुश्रवण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन करना।	पुनर्वोधात्मक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन करना।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत, जिला संसाधन ईकाई विभाग द्वारा वर्ष 2002 से 2003 तक ड्रप आउट बच्चों को शिक्षित करना है, वर्ष 2003 से 2004 स्वयं सेवकों (अनुदेशकों) को प्रशिक्षित करना पर्यवेक्षण अनुश्रवण एवं मूल्यांकन का कार्य किया जायेगा। एवं वर्ष 2004 से 2005 के मध्य स्वयं सेवकों की पुर्नबोधात्मक प्रशिक्षण प्रदान करके उनका पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कार्य प्रस्तावित है, वर्ष 2005 से 2006 तक अनुदेशकों का पुनर्वोधात्मक प्रशिक्षण पर्यवेक्षण प्रदान करके उनका अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया जयेगा तथा वर्ष 2006–2007 तक स्वयं सेवकों को पुर्नबोधात्मक प्रशिक्षण देकर उनका पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन का कार्य प्रस्तावित है।

2– सेवापूर्ण विभाग :–

सेवापूर्ण विभाग संस्थान में अध्ययनरत बी0टी0सी0 प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करता है तथा शिक्षा मित्रों को 30 दिवसीय प्रशिक्षण की भी व्यवस्था यह विभाग करता हैं बी0टी0सी0 एवं शिक्षा मि. को उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करना इस विभाग का मुख्य लक्ष्य है। जिससे वे अध्यापक

के रूप में आने वाली चुनौतियों की सामाना कर सकें प्रशिक्षण में सामुदायिक शिविरों का भी आयोजन किया जाता है

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सेवा पूर्व विभाग द्वारा वर्ष 2002–2007 तक प्रस्तावित कार्य योजना :–

वर्ष 2002–03	वर्ष 2003–04	वर्ष 2004–05	वर्ष 2005–06	वर्ष 2006–07
शिक्षा मित्रों का प्रशिक्षण	शिक्षा मित्र प्रशिक्षण एवं बी0टी0सी0 प्रशिक्षण	बी0टी0सी0 प्रशिक्षण एवं क्षेत्र में कार्य	बी0टी0सी0 प्रशिक्षण एवं क्षेत्र में कार्य	बी0टी0सी0 प्रशिक्षण एवं क्षेत्र में कार्य

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सेवा पूर्व विभाग द्वारा वर्ष 2002–03 में शिक्षा मित्रों का प्रशिक्षण प्रस्तावित है, वर्ष 2003–04 में शिक्षा मित्र एवं बी0टी0सी0 प्रशिक्षण का प्रदान किया जायेगा तथा वर्ष 2004–05, 2005–06 एवं वर्ष 2006–07 में बी0टी0सी0 का प्रशिक्षण एवं क्षेत्र में कार्य प्रस्तावित है।

3. सेवारत विभाग

अध्यापक के लिए अध्यापन में होने वाली नवीनतम तकनीकी ज्ञान की जानकारी होना आवश्यक है एक अध्यापक के प्रभावशील, शिक्षक होने के लिए नियमित रूप से अपने ज्ञान में वृद्धि तथा व्यवस्थिति दक्षता को बढ़ाना होगा जिस प्रकार देश की रक्षा में लगी हुई सेना को सदैव नवीन युद्ध कौशल की जानाकरी देकर अभ्यास कराया जाता है उसी प्रकार राष्ट्र निर्माण में लगे हुए अध्यापक को सेवारत विभाग द्वारा नई नई तकनीकों ज्ञान की जानकारी दी जाती है। यह विभाग सेवा में लगे हुए अध्यापकों को समय समय पर संस्थान में आयोजित पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण में सम्मिलित करके उन्हें नई नई चुनौतियों की जानकारी प्रदान की जाती है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सेवारत विभाग द्वारा वर्ष 2002–2007 तक प्रस्तावित कार्य योजना :

वर्ष 2002–03	वर्ष 2003--04	वर्ष 2004–05	वर्ष 2005--06	वर्ष 2006–07
गणित एवं विज्ञान का पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण	गणित विज्ञान भाषा एवं पंर्यावरणीय अध्ययन का पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण	गणित, विज्ञान, भाषा , अंग्रेजी , संस्कृत एवं पर्यावरणीय अध्ययन पर सेमीनार	गणित, विज्ञान एवं अग्रेजी का पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण एवं अनुभूत समस्याओं पर गोष्ठी	गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी का पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण एवं अनुभूत समस्याओं पर गोष्ठी

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सेवारत विभाग द्वारा वर्ष 2002–2007 तक उपर्युक्त सारणी के अनुसार प्रशिक्षण प्रस्तावित है।

4. कार्यानुभव विभाग

सामाजिक और आर्थिक रूपान्तरण कर सबसे सशक्त साधन शिक्षा को माना गया है। इसलिए समाज की आवश्यकताओं के अनुसार भावी नागरिकों के निर्माण हेतु तदनुरूप शिक्षा व्यवस्था अपनाई गयी है। संस्थान में कार्यानुभव विभाग द्वारा कार्य अनुभव में द्वारा शिक्षा को जीवनोपयोगी बनाते हुए समाज में होने वाले कार्यो से जोड़ा जा सकता है। इस विभाग द्वारा सहायक सामग्री का निर्माण संस्थान परिसर में सौन्दीयकरण एवं स्वच्छता का कार्य आदि कराया जाता है ।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कार्यानुभव विभाग द्वारा वर्ष 2002–2007 तक प्रस्तावित कार्य योजना

वर्ष 2002–03	वर्ष 2003–04	वर्ष 2004–05	वर्ष 2005–06	वर्ष 2006–07
छात्राध्यापको को निर्मूल्य सहायक सामग्री का निर्माण का प्रशिक्षण	छात्राध्यापकों का डायट पर कार्य करने के लिए तैयार करना तथा क्षेत्र में जाकर अध्यापकों की भी मदद करना	सेवारत अध्यापको का र्निमूल्य सहायक सामग्री का पुनबोधात्मक प्रशिक्षण तथा छात्राध्यापक का प्रशिक्षण	छात्राध्यापकों को ऑवले की खेती एवं फल संरक्षण का प्रशिक्षण	छात्राध्यापकों को कार्य करने के लिए प्रेरित करके क्षेत्र में ले जाना

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत कार्यानुभवन विभाग वर्ष 2002–2007 तक उपर्युक्त सारणी के अनुसार कार्य का सम्पन्न कराया जायेगा ।

5. शैक्षिक तकनीकी विभाग :

इस वैज्ञानिक युग में छात्रों को वैज्ञानिक उपलब्धियों से परिचित कराना दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक उपकरणों के उपयोग की जानकारी प्रदान करना व नीवन शैक्षिक उपकरणों का शिक्षण में उपयोग कैसे करें । छात्रों की आमंत्रित कराना आवश्यक हो गया है। अतः शैक्षिक तकनीकी का मुख्य उद्देश्य / अल्प व्यय, अल्प समय तथा अल्प सुविधाओं द्वारा अधिकाधिक विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय व्यवहारिक ज्ञान देना है। संस्थान का शैक्षिक तकनीकी विभाग विभिन्न शैक्षिक उपकरणों द्वारा विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा गुणवत्ता सम्बर्धन सम्बन्धी प्रशिक्षणों का सफल बनाया जा रहा है ।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत शैथ्क्षक तकनीकी विभाग द्वारा वर्ष 2002–2007 तक प्रस्तावित कार्य योजना

वर्ष 2002–03	वर्ष 2003–04	वर्ष 2004–05	वर्ष 2005–06	वर्ष 2006–07
शिक्षा मित्रों एवं सेवारत अध्यापकों को शैक्षिक तकनीकी उपकरण का प्रशिक्षण सहायक सामग्री का निर्माण	शिक्षा मित्र छात्राध्यापकों एवं सेवारत अध्यापकों को शैक्षिक उपकरणों एवं सहायक सामग्री निर्माण का प्रशिक्षण	छात्राध्यापकों का शैक्षिक उपकरणों उएवं अल्प दाम की सहायक समाग्री के निर्माण का प्रशिक्षण	छात्राध्यापकों का शैथ्क्षक उपकरणों उएवं अल्प दाम की सहायक समाग्री के निर्माण का प्रशिक्षण	छात्राध्यापकों का शैक्षिक उपकरणों एवं अल्प दाम की सहायक सामग्री के निर्माण का प्रशिक्षण

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत शैक्षिक तकनीकी विभाग द्वारा वर्ष 2002–2007 तक उपर्युक्त सारणी के अनुसार कार्य किये जायेगें ।

6. पाठ्यक्रम सामग्री विकास एवं मूल्यांकन विभाग

पाठ्यक्रम शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। पाठ्य निर्माण के समय छात्र की आयु उसकी मानसिक योग्यता, परिवेशीय आवश्यकताऐं सुलभ साधन छात्रों का विषयक्रम उनका वर्ग आदि विभिन्न पहलुओं पर ध्यान दिया जाता है। पाठ्यक्रम के निर्माण में भाषा तथा शैली पर भी ध्यान रखकर पाठ्यक्रम बनाया जाता है। मूल्यांकन से यह ज्ञाज किया जाता है कि पाठ्यक्रम का निर्माण सही दिशा में किया गया है शिक्षक अपने प्रयास में कहॉ तक सफल है सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के उपागम के अनुप्रयोग के शैथ्क्षक लक्षयों की प्राप्ति सहज में सम्भव बनायी जा सकती है । उपर्युक्त विचारों की दृष्टि में रखते हुए संस्थान का पाठ्यक्रम सामग्री विकास एवं मूल्यांकन विभाग इन क्षेत्र में निरन्तर प्रयत्नशील है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत पाठ्यक्रम सामग्री विकास एवं मूल्यांकन विभाग द्वारा वर्ष 2002–2007 तक प्रस्तावित कार्य योजना

वर्ष 2002–03	वर्ष 2003–04	वर्ष 2004–05	वर्ष 2005–06	वर्ष 2006–07
आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रम में परिवर्तन होगा पाठ्यक्रम का मूल्यांकन सतत रूप से होगा	प्राइमरी व उच्च प्राइमरी के पाठ्यक्रम में नैतिक मूल्यों का समावेश सुनिश्चित किया जायेगा	राष्ट्रीय मूल्यों जैसे धर्म निरपेक्षता समानता, लोकतंत्र लिंग भेद आदि का पाठ्यक्रम में समावेश किया जायेगा	अध्यापकों एवं छात्रों को नैतिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जायेगा	सृजित पाठ्यक्रम सामग्री विकास एवं नैतिक मूल्यों कामूल्यांकन कार्यक्रम कराया जायेगा

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत पाठ्यक्रम सामग्री विकास एवं मूल्यांकन विभाग द्वारा वर्ष 2002–2007 तक उपर्युक्त सारणी के अनुसार कार्य किये जायेगें ।

7. नियोजन एवं प्रबन्धन विभाग :

संस्थान का नियोजन एवं प्रबन्धन विभाग संस्थागत नियोजन प्रशिक्षण कार्यक्रम का नियोजन, मानव संसाधन का विकास, सामुदायिक सहभागिता में वृद्धि कार्यशालाओं एवं सेमिनारों का प्रबन्ध एवं ई0 एम0 आई0 एस0 का विकास करना आदि कार्य इस विभाग द्वारा किया जाता है।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत नियोजन एवं प्रबन्धन विभाग द्वारा वर्ष 2002–2007 तक प्रस्तावित कार्य योजना

वर्ष 2002–03	वर्ष 2003–04	वर्ष 2004–05	वर्ष 2005–06	वर्ष 2006–07
डायट स्तर पर जनपद की सभी संस्थागत शिक्षण इकाइयों का वृहद कार्य नियोजन किया जायेगा	डायट द्वारा निर्धारित कार्य नियोजन का शिक्षा अभिकर्मियों का प्रशिक्षण द्वारा जानकारी कराना एवं कियान्यवन कराना	ई0 एम0 आई0 एस0 की कार्य प्रणाली को विधिवत जानकारी कराने के बाद कार्य रूप देना जिससे देना जिससे वास्तविक जानकारी प्राप्त की जायेगी	अध्यापकों के शिक्षा कौशल विकास से सम्बन्धित कार्यक्रम	नियोजन एवं प्रबन्ध के लिए किये समस्त प्रयासों की जानकारी हेतु मूल्यांकन कार्यक्रम

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत नियोजन एवं प्रबन्धन विभाग द्वारा वर्ष 2002–07 तक उपर्युक्त सारणी के अनुसार कार्य किये जायेगें ।

नोट : S.I.E./S.C.E.R.T./S.I.E.M.T./S.P.O द्वारा निष्दिष्ट / निर्धारित कार्यक्रमों को सभी विभागो में समायोजित करेगें ।

गुणवत्ता सम्बर्धन के क्षेत्र में समन्वयों की भूमिका

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक न्याय पंचायत स्तर पर न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र तथा विकास खण्ड स्तर पर ब्लाक संसाधन केन्द्रो पर स्थापना

की गयी है। कुल बी0आर0सी0 / एन0पी0आर0सी0 की स्थापना, स्थायी पदों के प्रति पदस्थापन किया गया । जिसके लिये प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों में से योग्य अध्यापकों को प्रत्येक संसाधन केन्द्र के लिये समन्वयक हेतु चयन किया गया है। जिनका कार्य एवं दायित्व निम्नवत है।

ब्लाक संसाधन केन्द्र के समन्वयक की भूमिका:

1. ब्लाक संसाधन केन्द्रो को विकास खण्ड स्तरीय संदर्भ केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है, जिसका उपयोग शिक्षकों की अकादमिक कठिनाइयों के समाधान के लिये किया जाता है ।
2. डायट के दिशा निर्देश में विकास खण्ड स्तरीय गुणवत्ता संवर्धन कार्यक्रमों कार्यशालाओं, सूक्ष्म नियोजन एवं शाला चित्रण, वातावरण सृजन आदि का आयोजन किया जाता है।
3. विभिन्न प्रकार के शिक्ष प्रशिक्षणों का नियोजन आयोजन एवं प्रशिक्षण का कक्षा शिक्षण में प्रभाव का अनुश्रवण किया जाता है ।
4. ब्लाक संसाधन केन्द्र पर मासिक बैठको का आयोजन, विद्यालयों का भ्रमण कर कक्षाओं का अवलोकन और उन्हें अकादमिक फीड बैक प्रदान किया जाता है।
5. वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों, शिक्षु शिक्षा केन्द्रो का पर्यवेक्षण किया जाता है एवं एन.पी.आर.सी. स्तरीय कियाकलापों का पर्यवेक्षण किया जाता है।
6. ई.एम.आई. एस. आंकड़ो का संकलन कार्य
7. ब्लाक संसाधन केन्द्र स्तर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की वार्षिक योजना तैयार करना, तदनुरूप बजट निर्माण तथा वार्षिक कार्ययोजना का कियान्वयन ।
8. एन.पी. आर. सी. सम्बन्धी आवश्यकताओं को समझना और उनके लिये आवर्ती अनुस्थापन कार्यक्रम आयोजित करना ।

9. एन.पी.आर.सी. के फीड बैक ओर इनपुट की आवश्यकता पर कार्यवाही करने के निमित्त जिला स्तर पर दायित्व सम्बन्धी स्पष्टता के लिये एक सकिय समूह गठित करना ।
10. संकुल स्तरीय मासिक बैठकों की संरचना कार्यसूची अवधारणात्मक प्रलेख तैयार करना। जिसमें शैक्षिक क्षेत्र के मुद्दों का विशेष उल्लेख हो ।

न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र के समन्वयक की भूमिका

न्याय पंचायत केन्द्र समन्वयक संकुल स्तर पर शिक्षकों की शैक्षिक अकादमिक तथा पाठ्य सहगामी कियाकलापों के केन्द्र बिन्दु है। ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण आयोजित करना स्थानीय समुदाय को अभिप्रेरित करना शिक्षकों के अनुभवों को परस्पर विनिमय करना सूक्ष्म नियोजन तथा मानचित्रण करना। स्कूल भ्रमण तथा शिक्षको को शैक्षिक सहयोग प्रदान करना आदि न्याय पंचायत केन्द्र समन्वयकों का प्रमुख कार्य ह। इसके अतिरिक्त समन्वयकों द्वारा निम्नवत कार्य किये जाते है।

1. संकुल स्तरीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षको के लिए मासिक बैठको/ कार्यशाला का आयोजन करना ।
2. स्कूल चलो अभियान बाल गणना तथा ई0 एम0 आई0 एस0 ऑकड़ो का संकलन कार्य ।
3. ग्राम शिक्षा समितियों के सहयोग से सूक्ष्म नियोजन विद्यालय शिक्षण योजना का विकास ।
4. बैकल्पिक शिक्षा केन्द्रो तथा शिशु शिक्षा केन्द्रों का भ्रमण एवं अकादमिक अनुसमर्थन प्रदान करना ।
5. ब्लाक संसाधन केन्द्रो में आयोजित मासिक बैठको में प्रतिभाग सूचनाओं का आदान प्रदान करना तथा ब्लक संसाधन केन्द्रो को वॉछित सहयोग प्रदान करना ।

6. संकुल स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों का अभिलेखी करण करना तथा उसकी रिपोर्ट तैयार कर ब्लाक समन्वयक एवं डायट को उपलब्ध कराना ।
7. अध्यापकों की मासिक बैठकों में भाग लेना नियोजन एवं मूल्यांकन के क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं का समाधान तथा अध्ययन के न्यूनतम स्तरों सम्बन्धी पाठ्य चर्या एवं पाठ्य पुस्तकों के कठिन स्थलनों में उनको मदद करना ।
8. अध्ययन के न्यूनतम स्तरों पर आधारित सूचना का ब्लाक स्तर पर कार्यान्वयन करना और इस क्षेत्र में पहले से ही प्राप्त सूचना के लिये अपेक्षित उपचारात्मक उपलब्ध कराना ।
9. न्याय पंचायत स्तर पर कोर टीम का गठन और प्रशिक्षण
10. ग्राम शिक्षा समितियों और महिला समूहों को अनुसमर्थन प्रदान करना ।
11. विद्यालय श्रेणीकरण का कार्य

सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (प्राथमिक स्तर पर)

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) से आच्छादित जनपद गौतमबुद्वनगर कार्यक्रम के तृतीय चरण में आच्छादित जनपदों के रूप में अप्रैल 2000 से आच्छादित है। जिला प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सम्वर्धन के लिये प्राथमिक स्तरीय शिक्षकों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था है।

जनपद गौतमबुद्वनगर जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के तृतीय चरण में होने के कारण प्रथम चक्र के शिक्षक अभिप्रेरण प्रशिक्षण, द्वितीय चक्र के सबल प्रशिक्षण के आवयक अंशो के साथ पाठ्य पुस्तकों पर आधारित तृतीय चक्र का प्रशिक्षण बलाक संसाधन केन्रें पर माह जून 2001 से आयोजित किया गया जो कि समाप्ति की तरफ अग्रसर है। इस प्रशिक्षण में राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा विकसित माड्यूल साधन का प्रयोग किया गया ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य निम्नलिखित है।

1. शिक्षको को अपने दायित्वों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अभिप्रेरित करने का प्रयास ।

2. शिक्षण कार्य में बच्चों की सक्रियता भागीदारी के प्रति समक्ष विकसित करना।
3. बच्चों की सीखने सम्बन्धी कठिनाइयों को समझाना शिक्षको में बच्चो की कठिनाईयों के प्रति समझ विकसित करना तथा उनके प्रति संवेदन शील बनाना ।
4. शिक्षण के समय कक्षा के वातावरण को जिज्ञासा पूर्ण बनाना ।
5. वंचित वर्ग विशेष कर बालिकाओं की शिक्षा मे आने वाली कठिनाइयों संवेदीकरण तथा स्थानीय समुदाय का सहयोग प्राप्त करने हेतु गतिविधि आधारित शिक्षण करना ।
6. सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण एवं इसके प्रयोग से शिक्षण कार्य में रोचकता लाने का प्रयास ।
7. विभिन्न विषयों के लिये गतिविधियों का निर्माण तथा शिक्षण कार्य में गतिविधियों का प्रयोग ।
8. अध्यापकों में बच्चों के प्रति हित की भावना पैदा करना ।
9. अध्यापकों को प्रत्येक बच्चों में आशावादिता एवं आत्म विशवास जागृत करने पर बल देना ।
10. गतिविधियों द्वारा पाठ्य वस्तु को रोचक बनाने के तरीके का अभ्यास कार्य।
11. एकल अध्यापकीय विद्यालयों के लिए बहु कक्षा/ बहुस्तरीय कक्षा शिक्षण का कार्य।
12. बहु उद्देशीय शिक्षण अधिगम सामाग्री निर्माण शिक्षण में उपयोग एवं सम्भावनायें ।
13. शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शारीरिक एवं मानसिक रूप से अक्षम बच्चों के लिये समेकित शिक्षा के माध्यम से बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य ।
14. समय प्रबन्धन में आने वाली कठिनाइयों के निदान हेतु समय सारणी बनाकर शिक्षण कार्य करना ।

15. बच्चों को ज्ञानात्मक भावात्मक एवं क्रियात्मक पक्ष का सतत् मूल्यांकन
16. शिक्षण कार्य में विषयाधारित कहानी लोक कथाओं के प्रयोग से भाषा गणित विज्ञान, समाजिक विज्ञान के साथ शैक्षणिक स्तर गतिविधियों से सभी विषयों में रोचकता पैदा करना ।

सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण तृतीय चक्र साधन की अद्यतन स्थिति

कुल शिक्ष संख्या (शिक्षा मित्रों सहित)	1430
प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या (शिक्षा मित्रों सहित)	1315
अवशेष अप्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या (शिक्षा मित्रों सहित)	115

उच्च प्राथमिक स्तरीय सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम (डी.पी.ई.पी.) योजनान्तर्गत उच्च प्राथमिक शिक्षा स्तर के शिक्षकों में कार्य कुशलता में वृद्धि के लिये प्रशिक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। उच्च प्राथमिक स्तरीय विज्ञान / अंग्रेजी / गणित अध्यापकों का प्रशिक्षण प्रस्तावित है। प्राथमिक शिक्षकों की शिक्षण कोशल में अभिवृद्धि के लिये आयोजित किये जा रहे सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण की भॉति उच्च प्राथमिक स्तरीय शिक्षकों के लिये प्रशिक्षण की व्यवस्था की आवश्यता है।

शिक्षको को अकादमिक सहयोग एवं समर्थन की व्यवस्था

गुणवत्ता विकास खासकर बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति स्तर में वृद्धि करने और कक्षा की प्रकिया में बदलाव लाने में शिक्षको को अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हापुड के नेतृत्व में प्राथमिक शिक्षको की क्षमता बढ़ाने के लिये

उनके विषय वस्तु ज्ञान में अभिवृद्धि और शिक्षण कौशल में अपेक्षित बदलाव लाने के लिये बहुआयामी रणनीति अपनाई गयी है।

शिक्षको को शैक्षिक अनुसमर्थन देने के लिये जिला स्तर पर डायट ब्लाक स्तर पर ब्लाक संसाधन केन्द्र तथा न्याय पंचायत स्तर पर न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र की व्यवस्था है। एन.पी.आर.सी. समन्वयक द्वारा निरन्तर प्राथमिक विद्यालयों का अकादमिक पर्यवेक्षण किया जाता है। शिक्षकों की शैक्षिक एवं विद्यालयीय परिवेश सम्बन्धी समस्याओं का तात्कालिक निदान न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र पर आयोजित मासिक बैठक में तथा ऐसे समस्यों जिनका निदान नहीं हो पाता, एन.पी.आर.सी. समन्वयक द्वारा ब्लाक ससाधन केन्द्र समन्वयक की मासिक बैठक में रखी जाती है। एन.पी.आर.सी./ बी.आर.सी. स्तर पर शिक्षकों की शैक्षिक समस्यायें तथा विद्यालय प्रवेश सम्बन्धी जिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता उनका समाधान डायट स्तर पर बी. आर. सी. समन्वयकों की मासिक बैठक में किया जाता है। शिक्षकों को शैक्षिक अनुसमर्थन देने के लिये डारूट संकाय सदस्यों, निरीक्षक वर्ग बी.आर.सी. , एन.पी.आर. सी. समन्वयकों को तीन दिवसीस शैक्षिक सपोर्ट एवं अनुश्रवण कार्यशालाओं के माध्यम से डायट स्तर पर प्रशिक्षित किया गया ।

सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण का कक्षा शिक्षण में प्रभावः

जनपद गौतमबुद्वनगर जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के तृतीय चरण के अर्न्तगत अप्रैल 2000 से संचालित है। जनपद में सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण साधन माड्यूल के अनुसार लगभग समाप्ति की तरफ है। जनपद में प्रशिक्षण का कक्षा शिक्षण में प्रभाव का अनुश्रवण जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), डायट मेन्टर्स, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, बी0आर0सी0/एन.पी.आर.सी. समन्वयकों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। जिनसे प्राप्त अवलोकन आख्याओं के अनुसार संज्ञान में आया है कि शिक्षको में जागरूकता बढ़ी है, शिक्षणकार्य में शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रयोग प्रारम्भ हो गया है तथा बच्चे कक्षा में सक्रिय नजर आ रहे है।

प्राथमिक विद्यालयों का श्रेणीकरणः

जनपद गौतमबुद्धनगर में एन.पी.आर.सी. समन्वयकों के 40 पद सृजित जिनमें से मात्र 29 समन्वयक कार्यरत है। जिसके कारण श्रेणीकरण का कार्य बाधित हो रहा है राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार रिक्त पदों पर प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के प्रभारी न्याया पंचायत समन्वयक बनाया गया है। श्रेणीकरण का कार्य उत्तर प्रदेश शासन शिक्षा विभाग लखनऊ द्वारा जारी राजाज्ञा संख्या 3214/15–5–01–346/2001 दिनांक 11.07.2001 द्वारा शुरू हो चुका है। जुलाई से अब तक जनपद में विद्यालय श्रेणीकरण की स्थिति निम्न है।

विद्यालयों की संख्या	श्रेणीकृत विद्यालय	श्रेणीकरण की स्थिति
427	406	ए– 68
		बी– 323
		सी– 15
		डी– –

उनके विषय वस्तु ज्ञान में अभिवृद्धि और शिक्षण कौशल में अपेक्षित बदलाव लाने के लिये बहुआयामी रणनीति अपनाई गयी है।

शिक्षको को शैक्षिक अनुसमर्थन देने के लिये जिला स्तर पर डायट ब्लाक स्तर पर ब्लाक संसाधन केन्द्र तथा न्याय पंचायत स्तर पर न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र की व्यवस्था है। एन.पी.आर.सी. समन्वयक द्वारा निरन्तर प्राथमिक विद्यालयों का अकादमिक पर्यवेक्षण किया जाता है। शिक्षकों की शैक्षिक एवं विद्यालयीय परिवेश सम्बन्धी समस्याओं का तात्कालिक निदान न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र पर आयोजित मासिक बैठक में तथा ऐसे समस्यों जिनका निदान नहीं हो पाता, एन.पी.आर.सी. समन्वयक द्वारा ब्लाक संसाधन केन्द्र समन्वयक की मासिक बैठक में रखी जाती है। एन.पी.आर.सी./ बी.आर.सी. स्तर पर शिक्षकों की शैक्षिक समस्यायें तथा विद्यालय प्रवेश सम्बन्धी जिन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता उनका समाधान डायट स्तर पर बी. आर. सी. समन्वयकों की मासिक बैठक में किया जाता है। शिक्षकों को शैक्षिक अनुसमर्थन देने के लिये डारूट संकाय सदस्यों, निरीक्षक वर्ग बी.आर.सी. , एन.पी.आर. सी. समन्वयकों को तीन दिवसीस शैक्षिक सपोर्ट एवं अनुश्रवण कार्यशालाओं के माध्यम से डायट स्तर पर प्रशिक्षित किया गया ।

सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण का कक्षा शिक्षण में प्रभावः

जनपद गौतमबुद्वनगर जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के तृतीय चरण के अर्न्तगत अप्रैल 2000 से संचालित है। जनपद में सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण साधन माड्यूल के अनुसार लगभग समाप्ति की तरफ है। जनपद में प्रशिक्षण का कक्षा शिक्षण में प्रभाव का अनुश्रवण जिला समन्वयक (प्रशिक्षण), डायट मेन्टर्स, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी, बी0आर0सी0/एन.पी.आर.सी. समन्वयकों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। जिनसे प्राप्त अवलोकन आख्याओं के अनुसार संज्ञान में आया है कि शिक्षको में जागरूकता बढ़ी है, शिक्षणकार्य में शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रयोग प्रारम्भ हो गया है तथा बच्चे कक्षा में सकिय नजर आ रहे है।

प्राथमिक विद्यालयों का श्रेणीकरणः

जनपद गौतमबुद्वनगर में एन.पी.आर.सी. समन्वयकों के 40 पद सृजित जिनमें से मात्र 29 समन्वयक कार्यरत है। जिसके कारण श्रेणीकरण का कार्य बाधित हो रहा है राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार रिक्त पदों पर प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के प्रभारी न्याया पंचायत समन्वयक बनाया गया है। श्रेणीकरण का कार्य उत्तर प्रदेश शासन शिक्षा विभाग लखनऊ द्वारा जारी राजाज्ञा संख्या 3214/15–5–01–346/2001 दिनांक 11.07.2001 द्वारा शुरू हो चुका है। जुलाई से अब तक जनपद में विद्यालय श्रेणीकरण की स्थिति निम्न है।

विद्यालयों की संख्या	श्रेणीकृत विद्यालय	श्रेणीकरण की स्थिति
427	406	ए– 68
		बी– 323
		सी– 15
		डी– –

बेस लाइन सर्वे वर्ष 2000 के आधार पर बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति की स्थिति

सारिणी संख्या –9.1

क0स0	कक्षा	विषय	बालाकों की संख्या			बालिकाओं की संख्या		
			एम.एल. एल. प्रतिशत	दक्षता प्रतिशत	एम.एल. एल. प्रापत नहीं कर सके प्रतिशत	एम.एल. एल. प्रतिशत	दक्षता	एम.एल. एल. प्राप्त नहीं कर सके
1	2	भाषा	21.4	31.2	31.8	24.7	29.9	29.3
2	2	गणित	12.7	48.9	14.5	16.5	43.9	19.2
3	5	भाषा	41.6	4.8	39.2	32.9	4.7	47.2
4	5	गणित	13.9	0.0	83.7	14.3	0.0	84.7

प्राथमिक विद्यालयों की प्रोत्साहन योजनाऐं :

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यकम का प्रमुख लक्ष्य छात्र नामांकन, धारण एवं ठहराव है। जिसकी प्रतिपूर्ति के लिये उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति की व्यवस्था की गयी है। जनपद में 14 वर्ष की आयु के समस्त बच्चों को अनिवार्य निः शुल्क शिक्षा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति के बालको एवं सभी वर्ग की बालिकाओं का निः शुल्क पाठ्य पुस्तके उपलब्ध करायी गयी है। जिसके सकारात्मक परिणाम से छात्र नामांकन में आशातीत वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए शैक्षिक सत्र 2001–2002 को शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन वर्ष मनाये जाने के उद्देश्यय से माह जुलाई 2001 में स्कूल चलों अभियान के आयोजनोपरान्त कक्षा 1 से 5 तक के सभी जाति के बालक बालिकाओं को निः शुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करायी गयी ।

प्राथमिक विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव को बनाये रखने के लिये छात्रवृत्ति निः शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण पोषाहार योजना आदि कारगर सिद्ध हुये है

जिससे अभिभावकों को सहयोग मिलने के साथ साथ विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़ा है तथा ह्रास की समस्या पर भी अंकुश लगा है छात्रवृत्ति का लाभ नामाकंन बढ़ा है तथा हास की समस्या पर भी अंकुश लगा है छात्रवृत्ति का लाभ अनुसूचित जाति एवं जनजाति के सभी बालक एवं बालिकाओं तथा पिछड़ी जाति के कुछ बाकल / बालिकाओं को दिया जा रहा है। पोषाहार योजना का लाभ सभी बालक / बालिकाओं को मिलता है।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम प्रारम्भ करने से पूर्व बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति का मूल्यांकन बेस लाईन स्टडी के माध्यम से किया गया था। आशा है कि अद्यतन आयोजित तथा मिडटर्म स्टडी से पूर्व आयोजित किये जाने वाले शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा प्रोत्साहन योजनाओं का बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति पर सकरात्मक परिणाम मिलेगा ।

मध्यावधि मूल्यांकन सर्वेक्षण वर्ष 2003 के आधार पर बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति की स्थिति सारिणी संख्या –9.2

क0स0	कक्षा	विषय	बालाकों की संख्या			बालिकाओं की संख्या		
			एम.एल. एल. प्रतिशत	दक्षता प्रतिशत	एम.एल. एल. प्रापत नहीं कर सके प्रतिशत	एम.एल. एल. प्रतिशत	दक्षता	एम.एल. एल. प्राप्त नहीं कर सके
1	2	भाषा	8.8	60.0	8.10	11.6	57.2	8.8
2	2	गणित	7.58	67.4	4.27	10.45	61.28	7.84
3	5	भाषा	27.8	21.1	22.9	32.4	16.7	25.4
4	5	गणित	29.1	6.7	46.4	31.5	6.5	42.9

शैक्षिक सम्प्राप्ति की स्थिति :

आधारभूत सर्वेक्षण एवं मध्यावधि सर्वेक्षण की उपलब्धियों के मध्य तुलना करने पर निम्नवत सामान्यीकरण प्राप्त होते है। :–

1. कक्षा 2 भाषा में आधारभूत सर्वेक्षण में छात्रों की उपलब्धि 6.11 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में बढ़कर 80.71 प्रतिशत हो गयी है ।
2. कक्षा 2 गणित में आधारभूत सर्वेक्षण में छात्रों की उपलब्धि 72.39 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में बढ़कर 82.76 प्रतिशत हो गई है।
3. कक्षा 5 भाषा में आधारभूत सर्वेक्षण में छात्रों की उपलब्धि 45.94 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में बढ़कर 58.0 प्रतिशत हो गयी है।
4. कक्षा 5 गणित में आधारभूत सर्वेक्षण में छात्रों की उपलब्धि 28.83 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में 46.26 प्रतिशत हो गयी है।
5. कक्षा 2 भाषा में आधार भूत सर्वेक्षण में बालक व बालिकाओं की उपलब्धि कमश 60.05 प्रतिशत व 60.20 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में कमश 81.5 प्रतिशत व 79.92 प्रतिशत हो गयी है।
6. कक्षा 2 गणित में आधारभूत सर्वेक्षण में बालक व बालिकाओं की उपलब्धि कशम 72.45 प्रतिशत व 69.65 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में कमश 84.99 प्रतिशत एवं 80.53 प्रतिशत हो गयी है ।
7. कक्षा 5 भाषा में आधार भूत सर्वेक्षण में बालक व बालिकाओं की उपलब्धि कमश 46.54 प्रतिशत व 45.09 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में कमश 59.0 प्रतिशत व 56.93 प्रतिशत हो गयी है।
8. कक्षा 5 गणित में आधारभूत सर्वेक्षणमें बालक व बालिकाओं की उपलब्धि कमशः 28.95 प्रतिशत व 28.65 प्रतिशत थी जो बढ़कर मध्यावधि सर्वेक्षण में कमशः 45.72 प्रतिशत व 46.83 प्रतिशत हो गयी है।

9. कक्षा 2 भाषा में ग्रामीण व शहरी छात्रों की उपलब्धि आधारभूत सर्वेक्षण में कमश 56.1 प्रतिशत व 72.7 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में कमश 80.01 प्रतिशत व 83.31 प्रतिशत हो गयी है।
10. कक्षा 2 गणित में ग्रामीण व शहरी छात्रों की उपलब्धि आधार भूत सर्वेक्षण में कशम 70.9 प्रतिशत व 77.4 प्रतिशत थी जो बढ़कर मध्यावधि सर्वेक्षण में कमश 83.88 प्रतिशत व 78.67 प्रतिशत हो गयी है।
11. कक्षा 5 भाषा में ग्रामीण व शहरी छात्रों की उपलब्धि आधारभूत सर्वेक्षण में 42.26 प्रतिशत व 54.05 प्रतिशत थी जो बढ़कर मध्यावधि सर्वेक्षण में कमशः 58.43 प्रतिशत व 56.54 प्रतिशत है।
12. कक्षा 5 गणित में ग्रामीण व शहरी छात्रों की उपलब्धि आधारभूत सर्वेक्षण में कमशः 26.9 प्रतिशत व 33.08 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में कमशः 45.77 प्रतिशत व 47.94 प्रतिशत हो गयी है।
13. कक्षा 2 भाषा में अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ी जाति एवं अन्य जाति के छात्रों की उपलब्धि आधारभूत सर्वेक्षण में कमश 54.95 प्रतिशत, 62.6 प्रतिशत एवं 65.55 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में कमश 78.61 प्रतिशत, 82.09 प्रतिशत एवं 81.8 प्रतिशत हो गयी है।
14. कक्षा 2 गणित में अनुसूचित जाति , अन्य पिछड़ी जाति एवं अन्य जाति के छात्रों की उपलब्धि आधारभूत सर्वेक्षणम कमश 68.4 प्रतिशत, 76.26 प्रतिशत एवं 72.85 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में कमश 82.12 प्रतिशत, 82.60 प्रतिशत एवं 83.73 प्रतिशत हो गयी है ।
15. कक्षा 5 भाषा में अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ी जाति एवं अन्य जाति के छात्रों की उपलब्धि आधारभूत सर्वेक्षण में कमश 43.19 प्रतिशत, 46.64 प्रतिशत एवं 47.43 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में कमश 56.18 प्रतिशत, 58.34 प्रतिशत एवं 59.44 प्रतिशत हो गयी है।
16. कक्षा 5 गणित में अनुसूचित जाति, अन्य पिछडी जाति के छात्रों की उपलब्धि आधारभूति सर्वेक्षण में कमश : 27.35 प्रतिशत, 28.83 प्रतिशत एवं 30.

05 प्रतिशत थी जो मध्यावधि सर्वेक्षण में बढ़कर क्रमशः 45.01 प्रतिशत, 47. 61 प्रतिशत एवं 46.10 प्रतिशत हो गयी है ।

17. कक्षा 2 भाषा व गणित में न्यूनतम अधिगम स्तर रहित छात्र आधारभूत सर्वेक्षण में क्रमश 30.65 प्रतिशत व 16.64 प्रतिशत थे जो मध्यावधि सर्वेक्षण में क्रशम 8.42 प्रतिशत व 6.04 प्रतिशत रह गये है।
18. कक्षा 2 भाषा व गणित में न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त छात्र आधारभूत सर्वेक्षण में क्रमशः 22.88 प्रतिशत व 14.42 प्रतिशत थे जो मध्यावधि सर्वेक्षण में क्रमशः 10.20 प्रतिशत व 9.01 प्रतिशत है।
19. कक्षा 2 भाषा व गणित में दक्षता की ओर अग्रसर छात्र आधारभूत सर्वेक्षण में क्रमश 15.85 प्रतिशत व 22.15 प्रतिशत थे जो मध्याविध सर्वेक्षण में क्रमश 22.85 प्रतिशत व 20.7 प्रश्तिात है।
20. कक्षा 2 भाषा व गणित में दक्षता प्राप्त छात्र आधारभूत सर्वेक्षण में क्रमश 30. 55 प्रतिशत व 46.4 प्रतिशत थे जो मध्यावधि सर्वेक्षण में क्रमश 53.6 प्रतिशत व 64.34 प्रतिशत हो गये हे।
21. कक्षा 5 भाषा व गणित में न्यूनतम अधिगम स्तर रहित छात्र आधारभूत सर्वेक्षण में क्रमशः 43.2 प्रतिशत व 84.2 प्रतिशत थे जो मध्यावधि सर्वेक्षण में क्रमश 24.1 प्रतिशत व 44.65 प्रतिशत रह गये है।
22. कक्षा 5 भाषा व गणित में न्यूनतम अधिगम स्तर प्रापत छात्र आधारभूत सर्वेक्षण में क्रमशः 37.25 प्रतिशत व 14.1 प्रतिशत थे जो मध्यावधि सर्वेक्षण मे बढ़कर क्रमश 30.0 प्रतिशत व 30.3 प्रतिशत हो गये ।
23. कक्षा 5 भाषा व गणित में दक्षता की ओर अग्रसर छात्र आधारभूत सर्वेक्षणम क्रमश 14.8 प्रतिशत व 1.7 प्रतिशत थे जो मध्यावधि सर्वेक्षण में क्रमश 26.9 प्रतिशत व 18.4 प्रतिशत हो गये है
24. कक्षा 5 भाषा व गणित में दक्षता प्राप्त छात्र आधारभूत सर्वेक्षण में क्रमश 4.75 प्रतिशत व 0.0 प्रतिशत थे जो मध्याविध सर्वेक्षण में क्रमश 19.0 प्रतिश व 6.6 प्रतिशत हो गये है।

सर्व शिक्षा अभियान एवं लक्ष्यः

सर्व शिक्षा अभियान गुणवत्तापरक प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण का अत्यन्त महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। जनपद गौतमबुद्वनगर में 6 से 14 वर्ष के सभी बालक/ बालिकाओं को वर्ष 2010 तक गुणवत्ता परक जीवनोपयोगी व्यवसायपरक शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य है जिसे विद्यालयीय शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक परिवर्तन करके तथा शधैक्षिक परिवेश में समुदाय की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करके प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान करने की रणनीति के द्वारा प्रदान किया जा सकेगा । सर्व शिक्षा अभियान के प्रमुख लक्ष्य निम्नवत् है :–

1. 6 से 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को निः शुल्क अनिवार्य एवं प्रासंगिक प्रारम्भिक शिक्षा उपलब्ध कराना ।
2. वर्ष 2003 तक सभी बच्चों का विद्यालय, शिक्षा गारंटी केन्द्र , बैक टू स्कूल शिविर आदि के माध्यम से शति प्रतिशत नामांकन ।
3. वर्ष 2007 तक समस्त बच्चों द्वारा कक्षा –5 तक प्राथमिक शिक्षा पूर्ण कर लेना ।
4. वर्ष 2010 तक सभी बच्चो द्वारा कक्षा 8 तक की प्रारम्भिक शिक्षा पूर्ण करना।
5. गुणवत्तापरक प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करना ।
6. बालक बालिकाओं तथा सामज के विभिन्न वर्गो के मध्य वर्ष 2007 तक प्राथमिक स्तर पर तथा वर्ष 2010 तक उच्च प्राथमिक स्तर पर नामंकन ठहराव सम्प्राप्ति के अन्तर को समाप्त करना ।
7. सामाजिक क्षेत्रीय तथा जेण्डर सम्बन्धी विषमताओं को दूर करना ।
8. शिशु शिक्षा के महतव को देखते हुए वय वर्ग का विस्तार 0 से 11 को बढ़कार 0 से 14 करना तथा बाल विकास परियोजना के प्रयास को

की रणनीति के स्थान पर सेवारत प्रशिक्षणों को सतत प्रकिया के रूप में आयोजित किया जायेगा । सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षक प्रशिक्षण को इस प्रकार श्रृखंलाबद्ध नियोजन किया जायेगा कि बी0आर0सी0 स्तर पर 6 से 8 दिवसों के लिए तथा इसके अनुक्रम में लधु अवधि के प्रशिक्षण तथा कार्यशालाऐं मुख्यतः एन0पी0आर0सी0 स्तर पर आयोजित किये जायेगे । प्रशिक्षण की यह कार्य योजना शिक्षकों के लिए नियमित आधार पर अभिमुखीकरण में सहायक सिद्ध होगी। डीपीईपी के अन्तर्गत आयोजित सेवारत शिक्षक प्रशिक्षणों से प्राप्त प्रशिक्षण अनुभवों तथा वर्तमान में अनुभूत आवश्यकताओं यथा बहुत कक्षा बहु स्तरीय शिक्षण विधियों की जानकारी वास्तविक शिक्षण समय को बढ़ाना प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक कक्षाओं के लिए निर्धारित नीवन पाठ्यक्रम और पाठ्य वस्तुओं के प्रभावी एवं बेहतर उपयोग आदि के आलोक में सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किये जायेगें ।

प्राथमिक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण :

सर्व शिक्षा अभियान कार्यकेम के प्रथम वर्ष में समस्त प्राथमिक शिक्षकों शिक्षा मित्रों सहित को बहुत कक्षा शिक्षण/ बहु श्रेणी कक्षा शिक्षण का दस दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा जिसमें से सात दिनों का प्रशिक्षण ब्लाक संसाधन केन्द्र स्तर पर तथा शेष जीन दिवसों का प्रशिक्षण क्रमशः एक एक माह के अन्तराल पर न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र स्तर पर आयोजित किया जायेगा जिसका विवरण निम्नवत् हैः

1. विजनिंग कार्यशाला का आयोजन तीन दिवसीय
2. बहु कक्षा शिक्षण की दृष्टि से पाठ्य पुस्तक पर आधारित शिक्षण सामग्री निर्माण ।
3. मैटेरियल मेले का आयोजन
4. विकास खण्ड स्तरीय शिक्षण प्रशिक्षण के फालोअप के लिए पाठ्य प्रस्तुतीकरण पर आधारित मासिक प्रशिक्षण कार्यशालाऐं आयोजित की जायेगी ।

समर्थन देना तथा जहॉ बाल विकास परियोजनाऐं नहीं चल रही है वहॉ विशेष पूर्व विद्यालयी शिक्षा उपलब्ध कराना ।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण :

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण सैट एवं इंडिया के आधार पर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होगा ।

S.A.T.

S- Systematic
A- Apprach
T- Training

I- Identification
N- Need
D- Designing & Planning
I- Impelemtation
A-Assessment

तथा बेहतर शिक्षण प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका होगी । सर्व शिक्षा अभियन के अन्तर्गत एवं सर्व प्रथम प्राथमिक शिक्षा के गुणात्मक परिवर्तन के लिए पूरे जनपद का एक विजन विकसित किया जायेगा । जिसमें जनपद स्तरीय विकास खण्ड स्तरीय न्याय पंचायत स्तरीय स्कूल स्तरीय अभिकर्मियों की भागीदारी शिक्षा विभाग के अभिकर्मियों डायट संकाय के सदस्यों जिला परियोजना कार्यालय के अभिकर्मियों न्याया पंचायत/ विकास खण्ड स्तरीय अभिकर्मियों की भागीदारी होगी । जिसमें मुख्यतः सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्ययों लक्ष्यों बच्चों की वर्तमान स्थिति एवं उसमें बदलाव के लक्ष्यों, शिक्षकों विद्यालयों तथा कक्षा कक्षों की प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति तथा उसमे बदलाव के लक्ष्यों को दृष्टिगत रखते हुए सहभागिता निषकर्ष एवं सहमतियां तय की जायेगी । सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत शिक्षकों के लिये विजनिंग कार्यशालाओं का आयोजन न्याया पंचायत संसाधन केन्द्रो पर किया जायेगा। कार्यरत शिक्षको के आयोजन न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रो पर किया जायेगा । कार्यरत शिक्षको के शिक्षण कौशल में अभिवृद्धि शिक्षको दक्षता तथा उनके विषय ज्ञान को बढ़ाने के लिए सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्ष में एक बार आयोजित करने

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2002 से 2007 तक प्रस्तावित कार्यक्रम योजना

	वर्ष 2002–03	वर्ष 2003–04	वर्ष 2004–05	वर्ष 2005–06	वर्ष 2006–07
कार्यशाला / सेमिनार प्राइमरी	1. आवश्यकताओं का आकंलन 2. गणित कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. टी0 एल0 एम0 कार्यशाला 4. गणित मेलों का आयोजन	आवश्यकताओं का आकंलन टी0एल0एम0 कार्यशाला विज्ञान नि0 प्रयोग प्रशिक्षण	आवश्यकताओं का आंकलन टी0एल0एम0 कार्यशाला	आवश्यकताओं का आंकलन टी0एल0एम0 कार्यशाला	आवश्यकताओं का आंकलन टी0एल0एम0 कार्यशाला
अपर प्राइमरी	1. आवश्यकताओं का आकंलन 2. गणित कठिन स्थलों का चयन एवं समाधान 3. टी0 एल0 एम0 कार्यशाला 4. गणित मेलों का आयोजन	आवश्यकताओं का आकंलन विज्ञान नि0 प्रयोग प्रशिक्षण टी0एल0एम0 कार्यशाला	आवश्यकताओं का आकंलन टी0एल0एम0 कार्यशाला	आवश्यकताओं का आकंलन टी0एल0एम0 कार्यशाला	आवश्यकताओं का आकंलन टी0एल0एम0 कार्यशाला
प्रशिक्षण प्राइमरी	1. मुख्य अध्यापक प्रशिक्षण 2. गणित प्रशिक्षण 3. आवश्यकता आधारित प्रशितण 4. गणित किट प्रयोग प्राशि0	मुख्य अध्यापक प्रशिक्षण सा0विज्ञानः मानचित्र ग्लोब प्रयोग प्रशि0 गणित अध्यापक प्रशिक्षण संस्कृत एवं पर्यवेक्षक अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	मुख्य अध्यापक प्रशिक्षण विज्ञान अध्यापक प्रशिक्षण पर्यवेक्षक अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	मुख्य अध्यापक प्रशिक्षण अंग्रेजी अध्यापक प्रशिक्षण पर्यवेक्षक, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन	मूख्य अध्यापक प्रशिक्षण पूर्व प्रशिक्षण का वृहद मूल्यांकन अनुश्रवण
